दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। मंगलवार 24 दिसंबर-2024 | ● वर्ष: 10 अंक: 4 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य: ₹3







## ठंड का बज उठा अलार्म, बचना नहीं तो हो जाओगे धड़ाम

# दिल्ली-एनसीआर में सुबह तड़के हुई बूंदाबांदी

**नई दिल्ली।** आज तड़के दिल्ली-एनसीआर का मौसम बदल गया। लोग नींद से जग पाते, उससे पहले ही इंद्रदेव मेहरबान हो गए। देश की राजधानी और उसके आस-पास के क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने इसके लिए पहले ही अलर्ट जारी कर दिया था। बारिश के चलते फिजा में घुला पल्यूशन को भी कम करने में मदद मिलेगी। दिल्ली-एनसीआर में आज बारिश का अलर्ट था। सुबह 6 बजे के बाद अचानक मौसम ने करवट ली और एनसीआर के कुछेक इलाकों में रिमझिम फुहारें देखी गईं। तब तक लोग ठीक से जग भी नहीं पाए थे। हालांकि बारिश का यह दौर ज्यादा देर तक नहीं था। हल्की बारिश का यह दौर जल्दी समाप्त भी हो गया। मौसम विभाग ने पल्यूशन में भी थोड़ा सुधार की उम्मीद जताई है।



आने वाले कुछ दिनों में मौसम कई रंग दिखाने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार की सुबह हल्की बूंदाबांदी और कुछ जगहों पर घना कोहरा रह सकता है। इसके बाद 24 और 25 दिसंबर को कोहरा और बढ़ेगा और तापमान में भी गिरावट आएगी। 26 से 28 दिसंबर तक बारिश की संभावना है, जिसमें 27 दिसंबर को सबसे ज्यादा बारिश होने की उम्मीद है।

### दिल्ली-एनसीआर में बारिश का अलर्ट

दिल्ली के कई इलाकों (नरेला, पालम, आईजीआई एयरपोर्ट, वसंत कुंज, महरौली, तुगलकाबाद, छतरपुर, आईजीएनयू, अयानगर, देरमान्डी), एनसीआर (नोएडा, दादरी, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद, मानेसर, बल्लभगढ़), हरियाणा के कुरुक्षेत्र, कैथल, नरवाना, करनाल, राजौंद, असंध, सफीदों, बारवाला, जींद, आदमपुर, हिसार, गोहाना, गन्नौर, हांसी, सिवाणी, मेहम, सोनीपत, तोशाम, रोहतक, खरखौदा, भिवानी, चरखी दादरी, लोहारू, फरुखनगर, कोसली, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, उत्तर प्रदेश के गंगोह, शामली, मुजफ्फरनगर, खतौली, बागपत, मेरठ, खेड़ा, मोदीनगर, गढ़मुक्तेश्वर, पिलखुआ, सिकंदराबाद, और राजस्थान के भद्रा, सिद्धमुख, सादुलपुर, पिलानी, भिवाड़ी में अगले 2 घंटों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

### इन इलाकों में आज बारिश

दिल्ली और एनसीआर के कई इलाकों, साथ ही हरियाणा के सफीदों, जींद, पानीपत, गोहाना, गन्नौर, हांसी, मेहम, सोनीपत, तोशाम, रोहतक, खरखौदा, भिवानी, चरखी दादरी, मत्तनहेल, झज्जर, लोहारू, फरुखनगर, कोसली, महेंद्रगढ़, नारनौल, और उत्तर प्रदेश के बराउत, बागपत, खेड़ा, और राजस्थान के पिलानी में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

**सोमवार (23 दिसंबर):** सुबह हल्की बूंदाबांदी और कुछ जगहों पर घना कोहरा। अधिकतम तापमान 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री रह सकता है।

**24 और 25 दिसंबर:** कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मध्यम से घना कोहरा रहेगा। अधिकतम तापमान 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान 5-6 डिग्री रह सकता है।

# आज राजपूत समाज देगा अपनी हुंकार से भाजपा को कोई बड़ा संदेश!

## - सामाजिक और राजनीतिक भागीदारी को लेकर उठ रही है समाज में आवाज

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजपूत समाज, क्षत्रीय समाज भाजपा में अपनी राजनीतिक भागीदारी को लेकर आवाज उठा रहा है। लोकसभा चुनावों से ही ये मांग उठी है और अब ये मामला धीरे-धीरे बढ़ रहा है। आज नवयुग मार्किट में राजपूत समाज की एक प्रेसवार्ता है जिसमें कई राजपूत संगठन शामिल हैं। खास बात ये है कि ये कार्यक्रम अखण्ड राजपुताना सेवा संस्थान के द्वारा है। निवेदक समस्त क्षत्रीय समाज है। बीते दिनों क्षत्रीय समाज को लेकर भी पोस्टर लगाए गए थे और अब फिर ये आवाज उठ रही है कि राजपूत समाज की भगवा गढ़ में क्या राजनीतिक भागीदारी है। यहां सबसे खास बात ये है कि इस आवाज को पर्दे के पीछे से तो भाजपा नेता बुलंद कर रहे हैं लेकिन वो सामने नहीं आ रहे हैं। आज जब नवयुग मार्किट के अन्नपूर्णा में ये प्रेसवार्ता होगी तो जाहिराना तौर पर इसके विषय से राजनीति से जुड़े होंगे। इस हुंकार में पर्दे के पीछे से भगवा सियासत में राजपूतों की भागीदारी का मुददा उठेगा। ये बात उठेगी कि भाजपा की राजनीति में राजपूतों को क्या मिल रहा है। आज राजपूत समाज हुंकार भरकर बड़ा संदेश देगा।


Akhand Rajputana Seva Sansthan (Regd.), Delhi
Regd. No.1765/2017
Registered Office : A-71, Chander Vihar, I P Extn., Gali No 9, Delhi - 110092, Ph. : 011-22477133
Regional Office : Radison Hotel, K M Tower, 519, Kaushambi, Ghaziabad-201012 (UP)
Email : akhandrajputanavps@gmail.com, Website : www.kshatriyakalyansamiti.com

प्रेस वार्ता के लिए निमंत्रण'

आदरणीय, संपादक महोदय,
ब्यूरो चीफ,
सम्मानीय संवाददाता व छायाकार
महोदय।

अखंड राजपूताना सेवा संस्थान रजिस्टर्ड,अखिल भारतीय क्षत्रिय सभा गाजियाबाद एवं राजपूत कल्याण संघ एवं समस्त राजपूत संगठनों के तत्वाधान मे एक संयुक्त प्रेस वार्ता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आप सादर आमंत्रित हैं। आप स्वयं अपने छायाकार समेत समय पर पधारने का कष्ट करें।

कार्यक्रम–
समय–11.30 सुबह
दिन–मंगलवार, 24 दिसंबर 2024.
स्थान–
अन्नपूर्णा पार्टी हाल, निकट अम्बेडकर पार्क नवयुग मार्किट गाजियाबाद
विषय–
वर्तमान समय के सामाजिक और राजनीतिक सरोकार के मामले विषय इस प्रेस वार्ता में शामिल रहेंगे।

निवेदक–
समस्त क्षत्रिय समाज गाजियाबाद

# जब भाजपा नेता ने खोला लंच बॉक्स तो निकली मौत की धमकी

## कहा, देने हैं 60 लाख, घर के गेट पर बांध देना लाल कपड़ा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सोमवार को हिंडन पार के एक भाजपा नेता के पैरों तले उस वक्त जमीन खिसक गई जब एक लैटर में लिखे मैटर ने उनके होश फाख्ता कर दिए। भाजपा के इन नेता ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जब वो डब्बा खोलेंगे तो उसमें से निकला लैटर फिरौती और जान से मारने की धमकी लेकर आएगा। बताया जाता है कि कोई अनजान व्यक्ति उनके घर पर आकर एक लंच बॉक्स देकर गया। भाजपा नेता ने जब लंच बॉक्स खोला तो उसमें से रोटी नहीं निकली, पूड़ी नहीं निकली, पराठे भी नहीं निकले, उसमें से एक पर्ची निकली और इस पर्ची में मौत की धमकी निकली। भाजपा नेता हैरान रह गए और इसकी सूचना उन्होंने पुलिस में दी है। किस्सा किसान मोर्चा से जुड़ा है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। भाजपा अर्थला मंडल किसान मोर्चा के अध्यक्ष रजत हैं। वह अपने घर पर बैठे थे। इसी दौरान उनके घर का दरवाजा किसी ने खटखटाया। जब उन्होंने दरवाजा खोलकर देखा तो बाहर एक अंजान व्यक्ति खड़ा था। उस अंजान व्यक्ति ने कहा कि वह हिंडन ऐयरफोर्स के लेबर चौक से आया है और उसे एक



महिला ने यहां भेजा है। उनका सामान यहां शिफ्ट होना है। इसके बाद वह व्यक्ति बैठ गया और महिला का इंतजार करने लगा।

लगभग डेढ़ घंटे तक वह व्यक्ति बैठा रहा और फिर भाजपा नेता एक लंच बॉक्स देकर चला गया। उसने बताया कि यह टिफिन है। बात आई गई हो गई और जब वह व्यक्ति वापस नहीं लौटा और कोई महिला भी नहीं आई तो कोतुहलवश भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष ने वह लंच बॉक्स खोला। लंच बॉक्स खोलते ही भाजपा नेता को पंच लगा और उनकी समझ में नहीं आया कि यह क्या है।

दरअसल लंच बॉक्स के भीतर धमकी भरा पत्र था। इस पत्र में उनके पिता का नाम लिखा था और 60 लाख रुपए देने की बात कही गई और ये भी कहा गया कि अगर पुलिस को सूचना दी तो ठीक नहीं होगा। इस पत्र के बाद पूरा परिवार घबरा गया और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। बड़ी बात ये है कि इस पत्र में पिता और पुत्र के नाम लिखकर काटे गए हैं। पत्र मिलने के बाद से पूरा परिवार दहशत में है। इस पत्र में ये भी कहा गया है कि हमें आपकी और आपके बेटे की सुपारी मिली है। जीना चाहते हो तो 60 लाख रूपए दे देना। वरना तुम्हारा लड़का और तू मरने के बाद वापस नहीं आओगे। पैसे और जेल में गया आदमी वापस आ सकता है। मगर मरा हुआ वापस नहीं आ सकता। इस पत्र में यह भी लिखा है कि तुम्हारे पास सिर्फ 24 घंटे हैं और लाल कपड़ा अपने गेट पर बांध देना।

### 'पुलिस भी क्या कर लेगी हमारा, 24 घंटे तेरे साथ नहीं रहेगी'

**करंट क्राइम।** भाजपा नेता को जो पत्र मिला है उसमें ये भी कहा गया है कि जो भी तेरी सपोर्ट में आयेगा वो पहले मरेगा। तेरे लड़के और तुझे कोई नहीं बचा सकता। पुलिस भी क्या कर लेगी। 24 घंटे तेरे साथ थोड़े ही ना रहेगी। पत्र में लिखा है कि तेरे बेटे की पल-पल की खबर और तेरे घर का चप्पा-चप्पा देख रखा है। पुलिस को बता दिये और अगर पुलिस स्टेशन गया तो सोच लेना। भाजपा नेता ने पुलिस में जो तहरीर दी है उसमें बताया गया है कि वह करहैड़ा गांव में रहता है और पानी की सप्लाई का काम करता है। जिस मजदूर ने यह लंच बॉक्स लाकर दिया है उस मजदूर ने बताया है कि महिला ने थैला देकर कहा था कि मुझे सामान शिफ्ट करना है और मैं तुम्हें पांच सौ रुपए दूंगी। फिलहाल पुलिस महिला की तलाश कर रही है और पूरे मामले की जांच कर रही है।

### सांसद वाली सीट से शुरू हुई कहानी, अध्यक्ष पद की रवानी

**करंट क्राइम।** ठाकुर समाज भाजपा में अपनी भागीदारी को तलाश रहा है। लोकसभा सीट ठाकुर समाज के पास रही। यहां चार बार रमेशचंद तोमर सांसद रहे। उसके बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए राजनाथ सिंह यहां से लोकसभा सांसद रहे और फिर लगातार दो बार जनरल वीके सिंह लोकसभा सांसद रहे। जनरल वीके सिंह का टिकट काटे जाने के बाद ये आम धारना गाजियाबाद से लेकर धौलाना तक गई कि ठाकुर बिरादरी को अनदेखा किया जा रहा है। धौलाना में इसके इफेक्ट भी दिखाई दिये। फिर ये लगा कि शहर सीट पर भाजपा ठाकुर चेहरे को मौका देगी और नाराजगी को दूर करेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। शहर सीट पर दावेदारी के माहौल में राजपूत समाज ने तिरंगा यात्रा भी निकाली और एक संदेश देने की कोशिश की लेकिन यहां पार्टी ने संजीव शर्मा को टिकट दिया। इसके बाद फिर से ये आवाज उठी कि अब अगर अध्यक्ष पद की कुर्सी खाली हुई है तो इस पर ठाकुर समाज को मौका मिलना चाहिए। वो तर्क भी दे रहे हैं कि लोकसभा में ठाकुर के स्थान पर वैश्य को टिकट दिया। विधानसभा में वैश्य के स्थान पर ब्राह्मण को टिकट दिया और अब जब अध्यक्ष पद पर ब्राह्मण चेहरे को रिप्लेस किया जाना है तो यहां ठाकुर समाज को मौका दिया जाए। राजपूत समाज ने इसके लिये हुंकार भरनी शुरू कर दी है।

**विधानसभा में वैश्य के स्थान पर ब्राह्मण को टिकट दिया और अब जब अध्यक्ष पद पर ब्राह्मण चेहरे को रिप्लेस किया जाना है तो यहां ठाकुर समाज को मौका दिया जाए।**

### अगर राजपूतों को करना है प्राउड तो आवाज करनी लाउड

**करंट क्राइम।** राजपूत समाज हुंकार भर रहा है। वो पर्चे बांट रहा है। वो प्रेसवार्ता कर रहा है। वो इस प्रेसवार्ता में सामाजिक और रानजीतिक सरोकार के मामले उठा रहा है, लेकिन सियासत से जुड़े लोग मानते हैं कि इतना काफी नहीं है। उनका कहना है कि भाजपा के क्षत्रीय चेहरों को खुलकर आगे आना चाहिए। अगर वो राजनीति में अपना क्राउड नहीं दिखाएंगे तो कैसे बात बनेगी। अगर वो अपनी आवाज को लाउड नहीं करेंगे तो प्राउड फील नहीं होगा। राजपूत समाज की आवाज अभी उतनी लाउड नहीं हुई कि सियासी मंचों पर सुनी जा सके।

# जिला प्रशासन ने कर ली बेघर लोगों को ठंड से बचाने और आसरा देने की पूरी तैयारी

## शहर में बनाए गए रैन बसेरे और कहा- सड़क पर सोते लोगों को रैन बसेरे पहुंचाना सबकी जिम्मेदारी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ठंड का मौसम आ गया है और शीत लहर से पहले ही शहर में बेसहारा, बेघर लोगों को ठंड से बचाने के लिये प्रशासन आगे आ गया है। जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने सभी से अपील की है कि अगर कोई भी व्यक्ति सड़क पर सोता हुआ मिलता है तो उसे निकटतम शैल्टर होम रैन बसेरा में पहुंचाए।

इसके लिए एडीएम, एसडीएम और नगर निगम के अधिकारियों से संपर्क करें। प्रशासन ने एडवाइजरी भी जारी की है जिसमें उन लोगों को भी सुझाव दिये गये हैं जो घरों में रहते हैं और हीटर, ब्लोअर और कोयल की अंगीठी चलाते हैं। प्रशासन ने शहर में 21 स्थानों पर रैन बसेरों की सुविधा उपलब्ध कराई है। प्रशासन ने ऐसे रैन बसेरे भी बनाए हैं जहां सौ लोगों की व्यवस्था की गई है। ऐसे आश्रय स्थल चार हैं। इसके अलावा खोड़ा क्षेत्र में भी औरप लोनी में भी ऐसे आश्रय स्थल बनाए गए हैं जहां सौ से अधिक लोग रह सकते हैं।



### नगर निकाय द्वारा संचालित रैन बसेरों का विवरण व उनकी क्षमता

| | |
|---|---|
| नासिरपुर फाटक निकट रेलवे क्रासिंग कविनगर (स्थायी) | 20 |
| ग्रीन हाउस नया गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के समीप (स्थायी) | 30 |
| आश्रय स्थल मैनापुर महीउद्दीनपुर, नियर बिजली घर मैनापुर न्यू फ्रेंड्स कालोनी सै.-23 संजय नगर, नया गाजियाबाद रेलवे स्टेशन (अस्थायी) | 20 |
| डी0एल0एफ0 कालोनी के पीछे, पप्पू कालोनी मोहन नगर (स्थायी) | 10 |
| कम्यूनिटी सेन्टर, लाजपत नगर मोहननगर (स्थायी) | 20 |
| रोडवेज बस अड्डा के सामने मोहन नगर चौराहा (अस्थायी) | 20 |
| रेलवे स्टेशन रोड साहिबाबाद (अस्थायी) | 20 |
| पैसिफिक मॉल के सामने कौशाम्बी (अस्थायी) | 20 |
| कौशाम्बी बस अड्डे के अन्दर (अस्थायी) | 20 |
| कम्यूनिटी सेन्टर, कौशाम्बी (स्थायी) | 20 |
| आश्रय स्थल मकनपुर इन्दिरापुरम, नियर सिप्रा रिवेरा (बालिका इण्टर कॉलेज कैम्पस पानी की टंकी के पीछे) | 100 |
| मधूबन कूलर फैक्ट्री के पीछे मालीवाड़ा चौक (स्थायी) | 10 |
| कम्यूनिटी सेन्टर, लाल क्वार्टर लोहिया नगर (स्थायी) | 20 |
| संतोष अस्पताल के सामने पुराना बस स्टैण्ड (स्थायी) | 20 |
| रेड मॉल के पीछे नया बस अड्डा | 20 |
| सै0 11 बी ब्लाक प्रताप विहार विजय नगर (स्थायी) | 20 |
| आश्रय स्थल सुदामापुरी, विशाल इण्टरनेशनल पब्लिक स्कूल के पीछे ग्रेटर नोएडा मोड़ पर | 100 |
| डबल टंकी मिजार्पुर विजय नगर (अस्थायी) | 20 |
| आश्रय स्थल अर्थला, चिकम्बरपुर नियर वृन्दावन फार्म हाउस जी.टी. रोड मेट्रो पिलर नं.-03 बायीं अन्दर | 100 |
| आश्रय स्थल घूकना, नियर रेत मंडी पानी की टंकी के पास | 100 |

### नगर पालिका परिषद खोड़ा-मकनपुर द्वारा संचालित रैन बसेरे

| | |
|---|---|
| लोकप्रिय विहार प्रथम, खोड़ा (सार्वजनिक शौचालय के पास) (अस्थायी) | 20 |
| नगर पंचायत, डासना द्वारा कार्यालय परिसर नगर पंचायत डासना (अस्थायी) | 10 |
| नगर पालिका परिषद, लोनी द्वारा शेल्टर होम वार्ड-31, नवीन कुंज, लोनी (स्थायी) | 100 |
| नगर पालिका परिषद मुरादनगर द्वारा वार्ड नं.-06 चम्पा देवी प्राइमरी पाठशाला के पास (अस्थायी) | 15 |
| नगर पालिका परिषद मोदीनगर द्वारा आश्रय स्थल संजयपुरी (स्थायी) | 100 |
| नगर पालिका परिषद मोदीनगर छतरी वाला मन्दिर, बस अड्डा (अस्थायी) | 10 |
| नगर पंचायत फरीदनगर सामुदायिक विकास केन्द्र में निकट कार्यालय नगर पंचायत फरीदनगर (अस्थायी) | 05 |
| नगर पंचायत पतला में कृष्णा पार्क वार्ड नं.-03 नगर पंचायत पतला (अस्थायी) | 15 |
| नगर पंचायत निवाड़ी में वार्ड नं.-01 इन्द्रापुरी भाग-01 पुराना कार्यालय नगर पंचायत निवाड़ी (अस्थायी) | 50 |

# दिल्ली में महिला सम्मान योजना शुरू
# केजरीवाल ने खुद कराया रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में आज से महिला सम्मान योजना के लिए रजिस्ट्रेशन की शुरूआत हो चुकी है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और मुख्यमंत्री आतिशी ने खुद रजिस्ट्रेशन कर इसकी शुरूआत की है। दिल्ली के किदवई नगर में आप नेता पहुंचे थे। वहीं कुछ दिनों पहले अरविंद केजरीवाल ने इस योजना को शुरू किए जाने का जिक्र किया था।

मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के अंतर्गत दिल्ली की महिलाओं को चुनाव से पहले एक हजार रुपये दिए जाएंगे। वहीं, चुनाव के बाद इस राशि को बढ़ाकर 2100 कर दिया जाएगा। 23 दिसंबर से इस योजना में रजिस्ट्रेशन की शुरूआत हो गई है। पार्टी नेता और कार्यकर्ता घर-घर जाकर महिलाओं का रजिस्ट्रेशन करेंगे।



### केजरीवाल ने बताया कैसे मिलेगा लाभ

अरविंद केजरीवाल ने बताया कि योजना का एलान होने के बाद लोग फोन करने पूछ रहे हैं कि पंजीकरण कब से शुरू होगा। उन सभी का इंतजार खत्म हो रहा है। सोमवार से पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगा। इसके लिए कहीं लाइन लगाने की जरूरत नहीं है। आप कार्यकर्ता लोगों के घर पहुंचेंगे। इसके लिए पार्टी ने दिल्ली के हर इलाके में बड़ी संख्या में टीमें तैनात की हैं। जिनका भी पंजीकरण हो, उनको अपना कार्ड अपने पास रखना है। सरकार बनने के साथ लोगों के खाते में पैसे आने लगेंगे।

### महिला सम्मान राशि के लिए पात्रता

- 18 साल से ज्यादा की उम्र होने के साथ दिल्ली की निवासी और वोटर हो।

- वर्तमान या पूर्व में स्थायी सरकारी कर्मचारी नहीं हो।. मौजूदा या पूर्व एमपी, एमएलए, काउंसलर योजना से बाहर।

- पिछले वित्तीय सत्र में इनकम टैक्स भरने वाली महिला भी नहीं होगी पात्र।

- दिल्ली सरकार की कोई पेंशन स्कीम, जैसे वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांगता पेंशन लेने वाली महिलाएं भी नहीं होंगी पात्र।

# परभणी हिंसा के बाद न्यायिक हिरासत में मारे गए शख्स के परिवार से मिले राहुल

**मुंबई।** कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के परभणी में हिंसा के बाद गिरफ्तार किए गए तथा कथित रूप से न्यायिक हिरासत में मारे गए व्यक्ति के परिवार से मुलाकात की। इससे पहले राहुल सोमवार सुबह अपने आवास 10, जनपथ से महराष्ट्र के लिए रवाना हुए और दोपहर करीब दो बजे नांदेड़ पहुंचे। नांदेड़ एयरपोर्ट पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले समेत कांग्रेस नेताओं ने राहुल का स्वागत किया। यहां से वे सीधे अंबेडकरवादी सोमनाथ सूर्यवंशी के परिवार से मुलाकात करने पहुंचे। सूर्यवंशी की पुलिस हिरासत में मृत्यु हो गई थी। इसके अलावा राहुल विजय वाकोडे के परिवार से भी मिलेंगे, जिनकी विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के दौरान मृत्यु हो गई थी।

राहुल गांधी के इस दौरे को भाजपा ने नाटक करार दिया है। 10 दिसंबर की शाम को मराठवाड़ा क्षेत्र में स्थित इस शहर के रेलवे स्टेशन के बाहर डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा के पास संविधान की कांच से बनी प्रतिकृति को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। जिसके बाद परभणी में हिंसा भड़क उठी थी।



### पुलिस हिरासत में हत्या करने का आरोप

आरोप लगाए गए हैं कि सूर्यवंशी की पुलिस हिरासत में हत्या कर दी गई थी। हालांकि, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हाल ही में राज्य विधानसभा में कहा था कि उस व्यक्ति ने एक मजिस्ट्रेट को बताया था कि उसे प्रताड़ित नहीं किया गया था और सीसीटीवी फुटेज में भी क्रूरता का कोई सबूत नहीं मिला है। मुख्यमंत्री फडणवीस पहले ही परभणी हिंसा की न्यायिक जांच की घोषणा कर चुके हैं।

## 10 साल दिल्ली बेहाल: आप के खिलाफ भाजपा का 'आरोप पत्र'

# पाप धोते-धोते यमुना काली हो गई : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनाल होने वाले हैं। चुनावी माहौल के बीच भाजपा और आम आदमी पार्टी एक दूसरे पर आरोप लगा रही हैं। सोमवार को दिल्ली में भाजपा ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ भाजपा का आरोप पत्र जारी किया। भाजपा नेता अनुराग ठाकुर में एक बार फिर अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने कई मुद्दों पर केजरीवाल को घेरा और सवाल पूछे हैं। दिल्ली में प्रदूषण सबसे बड़ी समस्या है।

दिल्ली में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने आरोप पत्र जारी करने के बाद कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने यमुना नदी को इतना प्रदूषित कर दिया है कि यह इतनी बदबूदार, झागदार और जहरीली हो गई है। आगे कहा कि मुझे याद है, 2022 में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केजरीवाल ने कहा था कि अगले चुनाव से पहले, वह लोगों के साथ यमुना नदी में डुबकी लगाएंगे, यानी 2025 के चुनाव से पहले। केजरीवाल को उनका वादा याद दिलाते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि 10 साल बीत गए हैं और 2025 में जाने के लिए केवल 10 दिन बचे हैं। क्या यमुना की सफाई हुई? क्या यमुना साफ हो गई है?, इतना ही नहीं उन्होंने कई सवाल भी पूछे हैं।



उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल सहित दिल्ली सरकार के अनेक मंत्री और दर्जनों विधायक जेल जा चुके हैं। जो केजरीवाल सोनिया गांधी और शीला दीक्षित को जेल में डालने की बात करते थे, वे गंभीर आरोप लगने के बाद भी अपना पद छोड़ने के लिए तैयार नहीं थे।

### भाजपा ने चार्जशीट में लगाए ये आरोप

दिल्ली में चुनाव के बीच भाजपा ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया। इस चार्जशीट में भाजपा ने कई आरोप लगाए हैं। जिसमें दो लाख छात्र शिक्षा से वंचित हैं। दिल्ली सरकार ने अपने स्कूलों का रिकॉर्ड बेहतर दिखाने के लिए 1.5 लाख छात्रों को फेल कर दिया।

### घर-घर पहुंचेगा भाजपा का आरोप पत्रः विजेंद्र गुप्ता

भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता आरोप पत्र कमेटी के अध्यक्ष थे जिनके नेतृत्व में पार्टी ने यह आरोप पत्र तैयार किया। यह पत्र दिल्ली की सभी विधानसभा में जनता को दिया जायेगा। पार्टी ने दिल्ली की सभी 62 सीटों के लिए, जहां पर आम आदमी पार्टी के विधायक चुनाव जीते थे, अलग-अलग आरोप पत्र भी तैयार किये हैं। आगे कहा कि केजरीवाल की सरकार नवीं और 11वीं के 1.5 लाख बच्चों को हर साल फेल कर देती है जिससे वह दिल्ली के सरकारी स्कूलों का रिकॉर्ड बेहतर दिखाया जा सके।



# एनसीआर में सुबह-सुबह हुई बूंदाबांदी, बढ़ेगी ठंड
## न्यूनतम तापमान 7.3 दर्ज, दो दिन घने कोहरे का येलो अलर्ट

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली समेत एनसीआर में सोमवार सुबह-सुबह कई इलाकों में बूंदाबांदी होने से मौसम में हल्का बदलाव आया है। हल्की बूंदाबांदी से ठंड बढ़ सकती है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने दिल्ली में अगले दो दिनों का अलर्ट जारी किया है।

**आज हल्की बारिश के आसार, बढ़ेगी ठंड :** पहाड़ों से आने वाली ठंडी हवाओं ने मैदानी इलाकों में असर दिखाना शुरू कर दिया है। पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिससे राजधानी में सोमवार सुबह हल्की बारिश हो सकती है। इससे न्यूनतम व अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी।

वहीं, मौसम विभाग ने मंगलवार और बुधवार के लिए घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। अधिकतम तापमान 22 डिग्री व न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। रविवार को न्यूनतम तापमान 7.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 24.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह साढ़े सात बजे तक सफदरजंग एयरपोर्ट पर दृश्यता 400 मीटर दर्ज की गई, जबकि पालम में 600 मीटर दृश्यता रही। पूसा में न्यूनतम तापमान 6.3 डिग्री सेल्सियस रहा।




### 31 दिसंबर तक ऐसे ही रहेगा मौसम

वहीं दिल्ली में हवा की दिशा बदलने व गति कम होने से एक बार फिर आबोहवा दम घोंटू हो गई है। रविवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 409 दर्ज किया गया। यह गंभीर श्रेणी में है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूवार्नुमान है कि बुधवार से प्रदूषण में सुधार होने का अनुमान है। ऐसे में हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंचने की उम्मीद है।

**क्रिसमस से पहले उत्तर भारत में शीतलहर :** क्रिसमस से पहले उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पहाड़ी क्षेत्रों में जमाने वाली ठंड तो मैदानों में शीतलहर जोर पकड़ रही है। जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में झरने, नदी-नाले जम गए हैं। तापमान में गिरावट के चलते अलाव की गर्माहट बढ़ गई है।

अगले कुछ दिनों में मौसम के और सर्द होने का अनुमान है। हिमाचल में बर्फबारी तो पश्चिमी विक्षोभ के चलते दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ और राजस्थान में कुछेक जगहों पर आज बारिश की संभावना जताई गई है।

**मौसम विभाग की भविष्यवाणी :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के आंकड़ों के अनुसार, रविवार सुबह 8:30 बजे दिल्ली के सफदरजंग और पालम क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान क्रमशः 7.3 और 8.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।




# जहरीले हुए दिल्ली-एनसीआर
## दिल्ली के 26 इलाकों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज

**नई दिल्ली।** राजधानी में हवा की दिशा बदलने व गति कम होने से एक बार फिर आबोहवा दम घोंटू हो गई है। रविवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 409 दर्ज किया गया। यह गंभीर श्रेणी में है। इसमें शनिवार के मुकाबले 39 सूचकांक की वृद्धि हुई। सुबह के समय आसमान में धुंध के साथ स्मॉग की चादर छाई नजर आई। प्रदूषण का स्तर बढ़ने से लोगों को आंखों में जलन व सांस लेने में परेशानी महसूस हुई। ऐसे में लोग मास्क पहनकर घरों से बाहर निकलते दिखे। ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) लागू होने के बावजूद राजधानी में वायु गुणवत्ता में सुधार नहीं आ रहा है। ऐसे में लोग प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूवार्नुमान है कि बुधवार से प्रदूषण में सुधार होने का अनुमान है। ऐसे में हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंचने की उम्मीद है।

### प्रदूषण में किसकी कितनी हिस्सेदारी?

रविवार को सुबह से ही कोहरे के साथ स्मॉग छाया रहा। दिन में हल्की धूप निकली, लेकिन आसमान में स्मॉग की मोटी चादर लिपटी रही। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक शाम को हवा की चाल छह किलोमीटर रही। इससे प्रदूषक कण और संघन हो गए। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदूषकों के फैलाव के लिए मौसम संबंधी स्थितियां बेहद प्रतिकूल होने से स्थिति बिगड़ रही है। डिसीजन सपोर्ट सिस्टम (डीएसएस) के मुताबिक हवा में ट्रांसपोर्ट से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 13.085 फीसदी, कूड़ा जलने से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 1.201 फीसदी, सड़कों की धूल से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 0.942 और निर्माण कार्यों से होने वाली प्रदूषण की हिस्सेदारी 1.857 फीसदी रही। वहीं, वेंटिलेशन इंडेक्स 1900 घनमीटर प्रति सेकंड रही। 24 घंटे के भीतर वेंटिलेशन इंडेक्स 1300 घन मीटर प्रति सेकंड रहने का अनुमान है। साथ ही, मिक्सिंग डेप्थ 1150 मीटर दर्ज की गई।

### बुराड़ी, आनंद विहार समेत 26 इलाकों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज

बुराड़ी, आनंद विहार समेत 26 इलाकों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। इसके अलावा, आया नगर समेत आठ इलाकों में एक्यूआई 300 के पार व दिलशाद गार्डन में एक्यूआई खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। एनसीआर में दिल्ली के बाद गुरुग्राम सबसे अधिक प्रदूषित रहा। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक रविवार को हवाएं दक्षिण-पूर्व दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति छह किलोमीटर प्रतिघंटे रही।

**एनसीआर में प्रदूषित शहर का एक्यूआई**

| | |
|---|---|
| दिल्ली | 409 |
| गुरुग्राम | 338 |
| गाजियाबाद | 322 |
| ग्रेटर नोएडा | 278 |
| फरीदाबाद | 244 |
| नोएडा | 211 |

**दिल्ली में अधिकतम एक्यूआई दर्ज**

| | |
|---|---|
| जहांगीरपुरी | 467 |
| अशोक विहार | 463 |
| वजीरपुर | 462 |
| बवाना | 461 |
| रोहिणी | 459 |
| नेहरू नगर | 454 |
| आनंद विहार | 449 |
| बुराड़ी | 444 |

(नोट : आंकड़े सीपीसीबी के मुताबिक)

# पीलीभीत में पुलिस ने किए तीन खालिस्तानी आतंकी ढेर

**पीलीभीत/बरेली।** पीलीभीत के पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र में पंजाब और उत्तर प्रदेश पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार सुबह तीन खालिस्तानी आतंकियों को मुठभेड़ में मार गिराया। मुठभेड़ के बाद एडीजी जोन रमित शर्मा और आईजी रेंज डॉ. राकेश सिंह पीलीभीत पहुंचे।

एडीजी रमित शर्मा ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में मारे गए तीन लोगों की पहचान वीरेंद्र सिंह उर्फ रवि (23), गुरविंदर सिंह (25) और जसनप्रीत सिंह उर्फ प्रताप सिंह (18) के रूप में हुई है। तीनों से दो एके-47, पिस्टल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुए हैं। मामले में आगे की जांच जारी है।

एडीजी ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए तीनों आतंकियों के खिलाफ पंजाब में गुरदासपुर की बक्शीवाल पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमले के संबंध में एफआईआर दर्ज है। सूचना मिली थी कि ये तीनों पीलीभीत के पूरनपुर में छिपे हैं। सोमवार को सुबह चेकिंग के दौरान पुलिस ने उन्हें घेर लिया।

### घेराबंदी पर आतंकियों ने बरसाईं गोलियां




वीरेंद्र सिंह

गुरविंदर सिंह

जसन प्रीत सिंह

खालिस्तानी आतंकवादियों ने पुलिस टीम पर गोलियां चलाईं और पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें तीनों मारे गए। मुठभेड़ में माधोटांडा थाने के सिपाही सुमित राठी और एसओजी के सिपाही मोहम्मद शाहनवाज घायल हुए हैं। इनको अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### मुठभेड़ में शामिल रही ये टीम

मुठभेड़ में पीलीभीत के एसपी अविनाश पांडेय, एसआई अमित प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर नरेश त्यागी (एसएसओ पूरनपुर), एसआई ललित कुमार, हेड कांस्टेबल जगवीर, इंस्पेक्टर अशोक पाल (एसएचओ माधोटांडा), सिपाही सुमित और हितेश, एसओजी प्रभारी इंस्पेक्टर केबी सिंह, सर्विलांस प्रभारी एसआई सुनील शर्मा समेत पंजाब पुलिस की टीम शामिल रही।

# नववर्ष 2025 पर आगरा को मिलेंगी कई बड़ी सौगात, बदलेंगे नजारें...

**आगरा।** नववर्ष 2025 की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। ऐसे में एक तरफ 2024 की विदाई होगी, तो दूसरी तरफ 2025 के स्वागत में नए नजारे नजर आएंगे। पर्यटकों के लिए आकर्षण बढ़ेगा। विकास के लिए मास्टर प्लान 2031 लागू होगा। नए साल में नई टाउनशिप में घर का तोहफा मिलेगा। इनके अलावा पार्कों का कायाकल्प होगा। शहीद स्मारक में लाइट एंड साउंड शो, सुभाष पार्क में किड्स जोन, जोनल पार्क में गीता गोविंद वाटिका, शास्त्रीपुरम में साइंस पार्क का प्रस्ताव है।

**लॉन्च होगी नई आवासीय टाउनशिप :** ग्वालियर हाईवे स्थित ककुआ और भांडई में नई आवासीय टाउनशिप नए साल में लॉन्च होगी। 138 हेक्टेयर में प्रस्तावित इस टाउनशिप में 450 से अधिक दुर्बल, मध्यम व उच्च आय वर्ग के लिए आवासीय व व्यावसायिक भूखंड हैं। करीब 800 करोड़ रुपये से इस दो चरण में विकसित किया जाएगा। योजना के लिए 106 हेक्टेयर जमीन खरीद हो चुकी है। करीब तीन दशक बाद एडीए ने कोई आवासीय योजना बनाई है।



चार साल से अधर में फंसा मास्टर प्लान 2031 नए साल में धरातल पर उतर सकता है। जिसमें नए सिरे प्रत्येक क्षेत्र का भूउपयोग तय किया गया है। प्लान के प्रभावी होने से एक तरफ सुनियोजित विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। दूसरी तरफ अवैध निमार्णों में कमी आएगी। मास्टर प्लान का ड्राफ्ट एडीए ने अनुमोदन के लिए शासन भेजा है। मास्टर प्लान लागू होने के बाद एडीए सीमा का विस्तार होगा।

### 2024 की उपलब्धियां

- एडीए में इंटीग्रेटेड प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सिस्टम (आईपीएमएसएस) लागू होने से आवंटन, भुगतान व अन्य सभी प्रक्रिया ऑनलाइन हो गईं।

- इनर रिंग रोड पर आगरा एंट्री गेट का निर्माण हुआ। जो शहर की नई पहचान बनेगा। इस तरह के अन्य गेट भी सीमाओं पर प्रस्तावित हैं।

- फतेहपुर सीकरी में गुलिस्ता पार्किंग से बुलंद दरवाजा तक ऑटो रिक्शा की जगह पर्यटकों की आवाजाही के लिए गोल्फ कार्ट सुविधा।

# यात्रीगण ध्यान दें : छह ट्रेनें रहेंगी निरस्त... 12 ट्रेनों के बदले गए रूट

**लखनऊ।** यूपी में रेल लाइन में काम होने के चलते रेल मार्ग में बाधा आई है। गोरखपुर-गोंडा रेलखंड पर चुरेब-मुंडेरवा स्टेशनों के बीच इंटरलॉकिंग कार्य के चलते 23 से 26 दिसंबर तक छह ट्रेनें निरस्त रहेंगी। वहीं, 12 ट्रेनें बदले रूट और रास्ते में रोककर चलाई जाएंगी।

सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 05425/26 भटनी-अयोध्या धाम जंक्शन-भटनी 24 व 25 दिसंबर को निरस्त रहेंगी। 12531/32 गोरखपुर-लखनऊ जंक्शन-गोरखपुर एक्सप्रेस और 04137 ग्वालियर बरौनी स्पेशल ट्रेन 25 दिसंबर को कैंसिल रहेंगी। 02563/64 बरौनी नई दिल्ली दरभंगा व 02569 दरभंगा-नई दिल्ली 24 दिसंबर को बस्ती के बजाय बढ़नी के रास्ते चलाई जाएगी। 02570 नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस 24 व 25 दिसंबर को इसी रूट से चलाई जाएगी। 12597 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस 24 दिसंबर को और 15274 आनंद विहार टर्मिनल-रक्सौल 23 व 24 दिसंबर को बस्ती के बजाय बढ़नी के रास्ते चलाई जाएंगी।



**NAME CHANGED**

I, Balbir Singh, son of Shri Jagat Singh, residing at Plot No. 31 B, Dilshad Garden, Near Flora Dale Public School, Delhi-110095, was previously known as Balbir Singh. However, I have now changed my name to Balbir Singh Jaswal. In the future, I shall be known and identified by this name.

**संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र अकिल अली व उसकी पत्नी समरीन सैफी को उनके गलत व्यवहार के कारण अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर रहा हूं भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक अनैतिक कार्यों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होगे मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी प्रार्थी अशरफ अली पुत्र स्वर्गीय अशरत अली निवासी- राजग्रह, डासना, थाना - मसूरी, जिला- गाजियाबाद उत्तर प्रदेश

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# वीर बाल दिवस संगोष्ठी पर बोले भूपेन्द्र चौधरी
## हिन्दुत्व की रक्षा में सिखों के बलिदान की अमर गाथा







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के भूड़ भारत नगर स्थित गुरुद्वारा गुरु नानक सिमरन सभा विजय नगर में आयोजित वीर बाल दिवस संगोष्ठी में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के अमर बलिदान को नमन किया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष ने शहीदों की महान शहादत को याद करते हुए कहा कि वीर बाल दिवस हमें इन महान वीरों के बलिदान से प्रेरणा लेने का संदेश देता है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की अनुकरणीय गाथाएं युवाओं के लिए आदर्श हैं। इनकी शहादत न केवल हमारे गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है, बल्कि यह युवाओं को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक करती है। उन्होंने बताया कि इस संगोष्ठी के माध्यम से 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के तहत देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों का शंखनाद हो चुका है। भाजपा का यह प्रयास समाज को एकजुट करने और नई पीढ़ी में नैतिक मूल्यों का संचार करने के लिए महत्वपूर्ण है। ऐसे आयोजन युवाओं में साहस, शौर्य और बलिदान की भावना का विकास करते हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान भी किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया ने कहा, वीर बाल दिवस हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरों की याद दिलाता है। यह साहस, बलिदान और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास को समझने और उससे प्रेरणा लेने का अवसर मिलता है।

इस अवसर पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष और सदर विधायक संजीव शर्मा, सहारनपुर विधायक राजीव गुंबर, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व महापौर आशा शर्मा, पूर्व क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी सरदार एस.पी. सिंह, जगदीश साधना, पवन गोयल, प्रदीप चौधरी, बॉबी त्यागी, सुनील यादव, सरदार जोगिंदर सिंह, बलप्रीत सिंह, गौरव चोपड़ा, सुशील गौतम, गोपाल अग्रवाल, प्रताप चौधरी, लवली कौर , दुष्यंत पुंडीर, परमजीत सिंह, वीरेंद्र सारस्वत, पप्पू नागर, हरमीत बक्शी, आदि सहित सिक्ख समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को प्रेरणा देने के लिए वीर बाल दिवस के महत्व पर विशेष जोर दिया गया और सिखों के बलिदानों की अमर गाथा से प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** महानगर अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष वाली दावेदारी को लेकर भगवागढ़ के एक विधायक नहीं करेंगे किसी का भी नाम प्रमोट? सुना है ऐसे कई प्रोमेटेड कई चेहरों ने दिया है उनके दिल को जख्म? जिनका किया था विधायक जी ने कभी सपोर्ट? हम बैठे थे कहीं पर, वहां पर विधायक जी अपने लोगों से कह रहे थे ये बात? कह रहे थे हमारी सिफारिशों से जो आगे बढ़े? उन्होनें बाद में ऐसी निगाहें बदली, जैसे वो हमको जानते ही नहीं है साहब?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवागढ़ की राजनीति में भगवा मास्टर की है ऐसी पहचान? वो भले ही खुद के लिए कुछ ना जुटा पा रहे हों, मगर उनके अंदर है इतनी ताक त? जिसको वो टारगेट पर लें ले, उसका बिगाड़ देते हैं काम? भगवागढ़ के मजबूत गलियारों में ऐसी कई नेताओं की स्थापित की है उन्होंने पहचान? हमें पता है संगठन वाली लिस्ट में गोयल साहब करेंगे उसी नाम की सिफारिश? जिस नाम को सुझायेंगे हमारे मास्टर जी श्रीमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं बैठा था अकेला? बैठे–बैठे आया मेरे दिमाग में ख्याल? पूर्व विधायक मुन्नी जी आखिर किस पार्टी में हैं, इस बात को लेकर उठ रहे थे मेरे दिमाग में सवाल? वो हैंडपम्प चला रहे हैं या कर रहे हैं साईकिल की सवारी? या फिर वो साईलेंटली हो चुके हैं भगवाधारी? इन सवालों को हल करने का मैं कर रहा हू निरंतर प्रयास? मुझे उम्मीद है आज नहीं तो कल पूर्व विधायक जी बुझायेंगे जिज्ञासा से भरी मेरी प्यास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कुछ तो रही होगी मजबूरी? जो एक समय गागर में सागर भरने वालों ने दिखाई थी भगवा कमांडर से दूरी? हमें पता है वो वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब की मोहब्बत में दे रहे थे दूरियों के संदेश? बाद में टिकट कमांडर का हुआ और फिर न्यूट्रल कर लिया उन्होंने अपना फेस? कहने वाले ने कहा रिश्तों को निभाने का गागर में सागर भरने वालों का अलग ही हैं अंदाज? वो लाईन खींच कर प्यार निभाते हैं? भले ही छिन जाये इस चक्कर में उनके पास आने वाला कोई भी ताज?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा महिला विंग की कमांडर त्यागी दीदी का भी है सनातनी वाला अंदाज? कुछ ऐसा ही पूर्व वाली कौशिक दीदी भी करा रहीं हैं एहसास? उन्होंने भी अपने नाम के साथ कर लिया है सनातनी ऐड? मगर हम कन्फ्यूज हैं कि किसको करें अपने दिमाग में मजबूती से टैग? कहने वाले ने कहा इन दोनों में से जो ले ले सनातन के प्रचार के लिए राजनीति से सन्यास? सच बता रहे हैं हम उसको मान लेंगे प्योर सनातनी? हम उनकी जिंदाबाद लगायेंगे बेहिसाब?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** शिप्रा वाले पिंटू भैया की राजनीति का हमें समझ नहीं आता है कभी भी अंदाज? ना किसी बड़े पद को पाने की वो रखते हैं तमन्ना? ना किसी सरकारी व्यवस्था में आने का वो दिखाते हैं एहसास? वो देते हैं राजनीति में रिश्तों के संदेश? सुना है उन्होंने अपने खास लोगों से स्पष्ट कर दिया है? जहां भगवा कमांडर रहेंगे, वहां मैं रहूंगा? इससे ज्यादा नहीं दिखाना है मुझको अपना राजनीति में फेस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** बृज की भूमि पर त्यागी जी संभाल रहे हैं भगवा कमिश्नर की जिम्मेदारी? उनको उम्मीद थी कि उनके पक्ष में कई मैम्बर करेंगे अपना लैटर जारी? पता चला है कि हुआ इससे कुछ उल्टा है? मामला थोड़ा पुल्टा है? कुछ मैम्बर ने त्यागी जी के विपक्ष में दी है अपनी राय? सुना है इस वजह से त्यागी जी ने पढ़ी है फायरी वाली शायरी? जिसकी हो रही है तमाम जगह चर्चाएं? उन्होंने अर्ज किया है दोगले लोगों की पहचान नहीं करनी पडती, वो खुद अपनी पहचान ले आते हैं बाहर? कहने वाले ने कहा त्यागी जी के अंदाज बता रहे हैं किसी अपने ने ही किया है उनके दिल पर प्रहार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार की मैडम गुप्ता हमें पहुंचती दिख रहीं हैं मुख्य वाली भगवा कमिश्नर की जिम्मेदारी के नजदीक? हो रही है क्षेत्र में उनकी हर जगह चर्चाएं? उनकी मजबूती की चर्चा, सुनाई दे रही है कई चेहरों से? ये चेहरे ही कर रहे हैं मैडम गुप्ता की होने वाली घोषणा की तस्दीक? कहने वाले कह रहे हैं विधायक जी से लेकर प्रदेश वालों का मिल गया है मैडम को आशीर्वाद? कुछ दिनों बाद बस पहनना है इनको अपनी सिर पर ताज?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जरूरी नहीं कि अपने अरमान भगवागढ़ के मुख्य मीडिया प्रभारी ही करें जारी? कभी कभी मंडल के मीडिया प्रभारी भी शब्द कह देते हैं भारी? ठाकुर ने फेसबुक पर कुछ ऐसी ही भारी बात? उन्होंने लिखा है कार्यकर्ता जीतेगा या सिफारिशकर्ता, ये देखने वाली है बात? ये कहकर उन्होंने जनता के सामने अपने अरमानों को कर दिया आम? अंत में वो लिखना नहीं भूले हे मेरे राम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अभी तक मंडल चुनावों में ओवर ऐज की डोज ने किया हुआ था तमाम दावेदारों को परेशान? मगर सुना है इस दौड़ में एक दावेदार ऐसा भी है जिसका अंडर ऐज वाले मैटर में उड़ सकता है दावेदारी से नाम? मिस्टर सूद तमाम प्रयास करने के बावजूद अपनी उम्र की वजह से नहीं छू पा रहे हैं मंडल वाली अध्यक्षी का वजूद? कार्यकर्ता वो बहुत ही सक्रिय हैं और आदमी भी हैं नेक? बात उनकी उम्र पर फंस गई है, पता चला है उनकी सिर्फ तीस ही है जन्म वाली डेट?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# बहुत सारे विचारों और सहमति-असहमति के चलेंगे एक नहीं कई बोर
## जब भाजपा में बैठेगी महानगर अध्यक्ष की ताजपोशी के फैसले को लेकर भगवा कोर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा में जब भी कोई बैठक होती है तो अपेक्षित शब्द का एक अलग महत्व है। आप मंच पर अपेक्षित हैं या आप श्रोता के रूप में अपेक्षित हैं, यहां पर संस्तुति शब्द का अपना महत्व है और भाजपा में फैसला सामूहिक होता है। संगठन वाले चुनाव में पहले ही कार्यकताओं को ये निर्देशित कर दिया गया था कि चुनाव एक लोकतांत्रिक शब्द है, लेकिन पार्टी का अनुशासन सर्वोपरि है। यहां सहमति शब्द सर्वोपरि है। चुनाव का अर्थ यह नहीं है कि अपने ही कार्यकर्ता अपने ही कार्यकताओं के खिलाफ गुटबाजी करने लगे, नारेबाजी करने लगे। अब जो बड़ा दौर आ रहा है वो महानगर अध्यक्ष पद के लिये है।

महानगर अध्यक्ष पद के लिये कई नाम चर्चा में हैं। ये संगठन का सबसे महत्वपूर्ण पद माना जाता है। महानगर अध्यक्ष इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि ये संगठन का वो चक्र है जिसकी परिधि में लोकसभा सांसद आते हैं, तीन विधायक आते हैं और मेयर आते हैं। कई मंडल आते हैं। ऐसे में संगठन महानगर अध्यक्ष पद के लिये दावेदारों ने लखनऊ से लेकर दिल्ली तक दौड़ लगाई है। सभी ने अपने-अपने स्तर पर फील्डिंग लगाई है।

महानगर अध्यक्ष पद की ताजपोशी को लेकर कोई कितने भी प्रयास कर ले और नामों को लेकर कितने भी कयास लगा ले लेकिन इस पद पर अंतिम मुहर भाजपा की कोर कमेटी की बैठक में लगेगी। कोर कमेटी में एक साथ कई विचारों के बोर होंगे। इस कमेटी में लोकसभा सांसद भी होंगे, इस कमेटी में विधायक भी होंगे। इस कमेटी में संगठन के पदाधिकारी भी होंगे। इस कमेटी में क्षेत्रीय और प्रदेश स्तर वाले पदाधिकारी भी होंगे। सबकी नजर इसी पर है कि जब महानगर अध्यक्ष पद की ताजपोशी के लिये भाजपा की कोर कमेटी की बैठक होगी तो यहां अलग-अलग विचारों का बोर आयेगा। देखना यही है कि किसके नाम का जोर बाहर आएगा।



### सांसद अतुल गर्ग ने कर लिया है खुद को पैरवी गेम से दूर



**करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग इन दिनों सियासत के आध्यात्म दर्शन मोड में हैं। वो गाजियाबाद की सियासत के सबसे बड़े खिलाड़ी बनकर उभरे हैं। अब वो राष्ट्रीय फ्रेम में फिट हो रहे हैं। वो राष्ट्रपति के साथ अंतर्राष्ट्रीय दौरे कर रहे हैं। वो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ सदस्यता अभियान की समीक्षा वाली कमेटी में हैं। वो दिल्ली के भाजपा प्रदेश चुनाव सहप्रभारी हैं। जिस शहर सीट से उन्होंने इस्तीफा दिया उस सीट पर उन्होंने अपने करीबी कहे जाने वाले संजीव शर्मा को विधायक भी बनवा लिया है। इससे पहले निगम चुनाव में उन्होंने अपने कई करीबी चेहरों को टिकट भी दिलाया और वो चेहरे चुनाव जीत भी गए, लेकिन सियासत वाले बताते हैं कि अब अतुल गर्ग सियासत के आध्यात्म दर्शन मोड में हैं। अब वो सिफारिश गेम से दूर रहना चाहते हैं। वो पहले ही दिल्ली शिफ्ट हो चुके हैं और जब जनप्रतिनिधियों की सिफारिश की बात आई थी तो अतुल गर्ग ने ही सबसे पहले कहा था कि संगठन के पदों में जनप्रतिनिधियों को दखल नहीं देनी चाहिए। लिहाजा जब महानगर अध्यक्ष पद वाली कोर बैठेगी तो यहां अतुल गर्ग पैरवी गेम से दूर रहेंगे। सूत्र बताते हैं कि जितने भी चेहरे उनके पास सिफारिश लिये गए भी तो उनसे अतुल गर्ग ने स्पष्ट कह दिया कि वो किसी के लिये नहीं कहेंगे। वो यहां खुद को कबीर दर्शन से जोड़कर चल रहे हैं। उनका अंदाज कुछ ऐसा है कि ह्यकबीरा खड़ा बाजार में मांगे सबकी खैर, ना काहू से दोस्ती ना काहू से बैर।

### गोमती नदी वाले कैबिनेट मंत्री करेंगे किसकी हिमायत



**करंट क्राइम।** सुनील शर्मा भाजपा की सियासत का सबसे हैवीवेट नाम है। वह देश में सबसे ज्यादा वोटों से चुनाव जीतकर विधायक बने हैं। वो प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं और वो ऐसे विधायक भी रहे हैं जिनके पास एक समय 75 से ज्यादा प्रतिनिधि रहे हैं, लेकिन समय के साथ वो बदले हैं। निगम चुनाव में उन्होंने खुद को गोमती नदी बता दिया था। वो खुद को कितना भी गोमती नदी बताए लेकिन उनके समर्थन उन्हें सियासत का समंदर मानते हैं और ऐसे में इस चेहरे पर सबकी निगाह रहेगी कि वो किस नाम की हिमायत करते हैं। क्योंकि सूत्र बताते हैं कि उनके पास कई अर्जी है और अब ये उनकी मर्जी है कि वो कौन सी अर्जी पर विचार करेंगे। सूत्र बताते हैं कि यहां पूरे मान से एक नाम कोर वाली बैठक में उनकी बोर से निकल सकता है। उनके करीबी नामों में महामंत्री राजेश त्यागी का नाम भी आता है। कहा ये भी जाता है कि हर कमेटी में राजेश त्यागी का नाम कैबिनेट मंत्री की दखल के बाद ही आया है। यहां सबको इंतजार है कि वो अपने प्रिय प्रेम त्यागी के नाम पर क्या विचार रखते हैं। क्योंकि यहां सुनील शर्मा से निकले वचन ही अहम माने जाएंगे।

### भगवा कमांडर के सामने है नाम रखने की एक बड़ी चुनौती



**करंट क्राइम।** कोर कमेटी का एक बड़ा बोर बनकर संजीव शर्मा भी आए हैं। अभी तक वो एक बोर के साथ थे लेकिन इस बार वो डबल बोर के साथ हैं। वो अध्यक्ष भी हैं और शहर विधायक भी हैं। ऐसे में संजीव शर्मा के पास कॉम्बो पावर है और अध्यक्ष होने के नाते उनकी राय महत्वपूर्ण है। यहां उनके प्रिय मित्र पप्पू पहलवान को सब इसी दृष्टि से देख रहे हैं कि तुम्हारा नाम भगवा कमांडर की जुबान पर आएगा या नहीं आएगा। उम्मीद तो मुरादनगर वाले गोपाल अग्रवाल को भी पूरी है क्योंकि समर्पण की बंधी एक मजबूत डोरी है और यहां भगवा कमांडर से नाउम्मीद तो बोबी त्यागी भी नहीं है। अब जब अध्यक्ष पद वाली ताजपोशी का समय आएगा और कोर की बोर से नाम निकलेंगे तो भगवा कमांडर संजीव शर्मा के सामने ये बड़ी चुनौती है कि वो किसका नाम किस तरीके से रखेंगे।

### एमएलसी दिनेश गोयल और मेयर सुनीता दयाल की ट्यूनिंग करेगी किसका कल्याण




**करंट क्राइम।** पैरवी गेम शुरू होने वाला है और यहां जब कोर बैठक होगी तो मेयर सुनीता दयाल और एमएलसी दिनेश गोयल की ट्यूनिंग से भी कॉमन नाम आएंगे। हालांकि ये दोनों पैरवी गेम से दूर हैं, लेकिन इनके बयान पहले ही आ चुके हैं। एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा था कि चलो मैं तो दखल नहीं दूंगा लेकिन इस बात की क्या गारंटी है कि बाकी जनप्रतिनिधि दखल नहीं देंगे। मेयर सुनीता दयाल ने कहा था कि शीर्ष नेतृत्व ने कहा है कि जनप्रतिनिधियों की राय ली जानी चाहिए। वहीं जो भगवा गढ़ की सियासत की नब्ज जानते हैं वो ये भी जानते हैं कि मेयर और एमएलसी की ट्यूनिंग से किसका कल्याण होगा। बताने वाले बता रहे हैं कि कोर वाली बैठक में इस वाले छोर से राजेश त्यागी के नाम को प्रमुखता से रखा जाएगा। सबकी निगाहें इस बात पर भी है कि यहां कोई और नाम भी आएगा।

### मयंक गोयल की दावेदारी और उनके पक्ष में बनते समीकरण



**करंट क्राइम।** मयंक गोयल भाजपा के ऐसे कार्यकर्ता हैं जिनके पास सियासी विरासत भी है और उनका अपना संघर्ष भी है। वो विधानसभा की दावेदारी में भी रहे हैं और अध्यक्ष पद की दावेदारी में भी रहे हैं। ऐसे में मयंक गोयल का नाम जब अध्यक्ष पद के लिये आएगा तो यहां सांसद अतुल गर्ग पर सबकी नजर रहेगी। इस गेम में शहर विधायक संजीव शर्मा की राय की अहम रहेगी। क्योंकि मयंक गोयल इन दोनों के सामने ही राजनीतिक चुनौती है। 2027 की बात भाजपा कर रही है और 2027 में मयंक गोयल ही शहर विधायक संजीव शर्मा के सामने चुनौती बनेंगे। यहां पार्टी वैश्य भागीदारी की बात करेगी। क्योंकि अगर यहां समीकरण को देखें तो मयंक गोयल अगर अध्यक्ष बनते हैं तो भी वो 2027 में विधानसभा की दावेदारी करेंगे। पार्टी एक सीट पर वैश्य कार्ड खेलेगी और ऐसे में या तो शहर सीट से वैश्य चेहरा आएगा या तो साहिबाबाद से किसी वैश्य चेहरे को लाया जाएगा। बहरहाल मयंक गोयल की दावेदारी और कोर में उनकी हिमायत दोनों ही रोचक होने वाले हैं।

### प्रेम त्यागी को मिलेगा मंत्री आशीर्वाद और पप्पू पहलवान के दोस्त निभाएंगे कितनी दोस्ती




**करंट क्राइम।** कोर वाली बैठक में प्रेम त्यागी के नाम की अगर चर्चा होगी तो यहां सबकी निगाहें कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा पर रहेगी। जो लोग प्रेम त्यागी को जानते हैं और उनके भाजपा समर्पण की बात करते हैं वो अब ये सवाल भी उठा रहे हैं कि प्रेम त्यागी की वर्तमान में सक्रियता कैसी है। इस बात के लिये उदाहरण दिये जा रहे हैं कि पिछले संगठन में कई है जो डायरेक्ट पदों पर आए हैं। यहां पर सबसे बड़ा फोकस पप्पू पहलवान के नाम पर है। क्योंकि दोस्त की मोहोब्बत उनके कितने काम आएगी वो देखना है।

### वैमनस्य को भुलाना है, समन्वय बनाना और पैनल में नाम आना है

**करंट क्राइम।** कोर वाली बैठक दस दिन बाद होनी है। खुलकर कोई नाम नहीं ले रहा, लेकिन नाम सबके पास है। महानगर अध्यक्ष का पद बड़ा है। क्योंकि जिस शहर में मंडल अध्यक्ष बनने के लिये बड़े पदाधिकारियों से लेकर बड़े मंत्रियों के फोन आ रहे हैं उस शहर में महानगर अध्यक्ष पद का स्टेटस समझा जा सकता है। सब अपने–अपने टारगेट को सेट कर रहे हैं। खुलकर कोई कुछ ना कहे, लेकिन कोर वाली बैठक में जब कोई किसी के नाम का नेहला रखेगा तो कोई उस पर देहला मारेगा। आलम ये है कि वैमनस्य भूलकर समन्वय बनाने की कहानी चल रही है। किसी भी तरह से पैनल में नाम आना है। इसके लिये सब प्रयासरत हैं। कोर में जिन चेहरों पर नजर रहेगी उनमें राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी पर भी निगाहें रहेंगी। कोर का निचोड़ किसकी सियासत में नया मोड़ लाएगा, यहां से कौन से तीन नाम तय होकर जाएंगे ये देखने की बात है।

## संपादकीय

# ज्ञान की गंगा

टीचर्स कभी नहीं सिखा सकते। स्टूडेंट्स को ही सीखना पड़ता है। यह स्टूडेंट्स की जिम्मेदारी है कि वही टीचर्स को सिखाने के लिए प्रेरित करें। मैंने अपने वरिष्ठों से सीखा कि ज्ञान एक तेज बहती नदी की तरह है। ज्ञान की यह नदी टीचर, मेंटर या गुरु के पास से बहती रहती है। यह स्टूडेंट्स पर निर्भर करता है कि उस नदी से वह कितना पानी भर पाते हैं- एक कप, एक बाल्टी या फिर ट्रक भरकर? जब भी मैं अपने कमरे में रियाज करता, तो हमेशा उनका ध्यान खींचना चाहता था। (यहां वो अपने पिता का जिक्र कर रहे हैं) और उनका ध्यान मेरी ओर तभी आता, जब मुझे सिखाए सबक को मैं थोड़ा तोड़-मरोड़कर पेश करके उसे दूसरी तरह से बजाता। और फिर वह अचानक दरवाजे पर आकर खड़े हो जाते और दूसरी ताल बजाने के लिए कहते। उनके इन शब्दों से मुझे प्रेरणा मिलती क्योंकि वह मेरे प्रयास की आलोचना करने या उसे कोई मान्यता देने के बजाय और कई तरीके से प्रयोग करने के लिए मुझे गाइड करते। मेरे पिता से मुझे यह प्रेरणा मिली। दरवाजे पर खड़े होकर एक हाथ में कागज और दूसरे हाथ की अंगुलियों से ताल की सीख दे रहे एक टीचर के इन सबक ने जाकिर हुसैन को न सिर्फ अपने पिता की विरासत को आगे ले जाने में मदद की, बल्कि इसके चलते ही वह तबला वादन को उस ऊंचाई तक ले गए, जहां यह पहले कभी नहीं था।

उनके पिता सह गुरु चाहते थे कि बेटा व्यापक लोगों तक शास्त्रीय संगीत को लेकर जाएं और इसको सबके लिए सुलभ बनाते हुए उन्हें मंत्रमुग्ध करते हुए संगीत को एक दिव्यता के अहसास से जोड़ें। जब मुझे पहली सैलरी मिली और वह पैकेट घर लाया, तो मेरे अंदर का दिल नाच रहा था कि मेरे पिता मुझे गले लगाएंगे और इस मुकाम पर पहुंचने के लिए मेरी सराहना करेंगे। लेकिन हुआ इसके उलट। उन्होंने अपने अखबार से नजरें तक नहीं उठाईं। बस बढ़िया कहा और फिर बोले कि इसे अपनी मां को दे दो और उन्हें इसे पूजा वाले कमरे में रखने के लिए कह दो। तुम बाथरूम जाकर हाथ-पैर धो लो और ईश्वर की प्रार्थना करो। छह महीने की सैलरी के बाद जाकर एक दिन पिता ने कहा, तुम्हें जिम्मेदार बनता देखकर मुझे खुशी हो रही है, तुमने बिना कोई छुट्टी लिए छह महीने का प्रोबेशन पीरियड पूरा किया और अब तुम स्थाई हो गए हो। अब याद रखना कि अपनी छोटी बहन को अच्छा पढ़ाने-लिखाने और उसकी किसी अच्छी जगह शादी करने में तुम्हें मेरी मदद करनी होगी। वो शब्द मेरे कानों में सिर्फ संगीत की तरह नहीं थे। बल्कि उसने उद्वेलित कर दिया कि मैं जिंदगी में आर्थिक रूप से विवेकपूर्ण बनूं। थोड़ा रुककर खुश होने की उनकी इस आदत को, उनके जाने के बाद मैं आज भी जीता हूं। 1970 में मिशेल और एबेसेन के अपने एक शोध में कहा कि ह्लदेर से संतुष्ट होने की आदत, दूरगामी फायदों के लिए तात्कालिक लाभ को जाने देने की काबिलियत है। आमतौर पर, थोड़ा रुककर होने वाली संतुष्टि का मूल्यांकन उन कामों में किया जाता है।

# वित्त वर्ष 2027 तक भारत की डेटा सेंटर क्षमता दोगुनी से ज्यादा होगी

**नई दिल्ली।** डेटा सेंटर आम तौर पर नेटवर्क सर्वरों का एक बड़ा समूह होता है जिसका उपयोग संगठन बड़ी मात्रा में डेटा के दूरस्थ भंडारण या वितरण के लिए करते हैं। डेटा स्थानीयकरण योजनाओं से डेटा केंद्रों में निवेश बढ़ने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2027 तक डेटा सेंटर की क्षमता दोगुनी से ज्यादा हो सकती है।

भारतीय डेटा सेंटर उद्योग की क्षमता वित्त वर्ष 2027 तक दोगुनी से अधिक होकर 2 से 2.3 गीगावॉट तक जाएगी, जिसका श्रेय अर्थव्यवस्था में बढ़ते डिजिटलीकरण को जाता है। उद्यम क्लाउड स्टोरेज में तेजी से निवेश कर रहे हैं, जिससे क्षमता वृद्धि में मदद मिलेगी। क्रिसिल रेटिंग्स ने सोमवार को यह दावा किया। रेटिंग एजेंसी के अनुसार, जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती पैठ से मध्यम अवधि में मांग बढ़ने की उम्मीद है। जेन एआई की तीव्र प्रगति, जिसके लिए पारंपरिक क्लाउड कंप्यूटिंग कार्यों की तुलना में अधिक कम्प्यूटेशनल शक्ति और कम देरी की आवश्यकता होती है, भारत में डेटा सेंटर की मांग को भी बढ़ावा देगी। डेटा सेंटर आम तौर पर नेटवर्क सर्वरों का एक बड़ा समूह होता है जिसका उपयोग संगठन बड़ी मात्रा में डेटा के दूरस्थ भंडारण या वितरण के लिए करते हैं। डेटा स्थानीयकरण योजनाओं से डेटा केंद्रों में निवेश बढ़ने की उम्मीद है, इसके अलावा विभिन्न राज्यों की ओर से ऐसे निवेशों को आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहन भी दिए जाते हैं। डेटा सेंटर कंप्यूटिंग और स्टोरेज इंफ्रास्ट्रक्चर की मांग को पूरा करते हैं, जो दो कारकों से संचालित होती है।



पहला, उद्यम तेजी से अपने कारोबार को क्लाउड सहित डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरित कर रहे हैं, यह एक ऐसा चलन है जो कोविड-19 महामारी के बाद और तेज हो गया है। दूसरा, हाई-स्पीड डेटा की बढ़ती पहुंच ने सोशल मीडिया, ओवर-द-टॉप लेटफॉर्म और डिजिटल भुगतान सहित इंटरनेट के उपयोग में उछाल ला दिया है। क्रिसिल के अनुसार, पिछले पांच वित्त वर्षों में मोबाइल डेटा ट्रैफि क ने 25 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की है। यह वित्त वर्ष 2024 के अंत में 24 जीबी प्रति माह था और वित्त वर्ष 2026 तक इसके 33-35 जीबी तक बढ़ने की उम्मीद है।

क्रिसिल रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक और उप मुख्य रेटिंग अधिकारी मनीष गुप्ता ने कहा, बढ़ती डेटा सेंटर की मांग को पूरा करने के लिए, अगले तीन वित्त वर्षों में 55,000-65,000 करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता है, जो मुख्य रूप से भूमि और भवन, बिजली उपकरण और कूलिंग से जुड़े समाधानों पर खर्च होगा। डेटा सेंटर ऑपरेटर आमतौर पर बुनियादी ढांचे का निर्माण करते हैं - जैसे भूमि और भवन, जो कुल पूंजीगत व्यय का 25-30 प्रतिशत है।

# गूगल ने डीओजे के मुकदमे को बताया गलत, कहा- इनोवेशन क्षमता पर होगा असर

**वाशिंगटन।** दिग्गज टेक कंपनी गूगल द्वारा सोमवार को यूएस डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस (डीओजे) के मुकदमे और उसके 'ओवरबोर्ड प्रस्ताव' की आलोचना की गई है। साथ ही कहा कि कोर्ट में अपील करने से पहले, कंपनी ने अदालत के फैसले में वास्तविक निष्कर्षों के आधार पर अपना स्वयं का रेमेडीज प्रस्ताव दायर कर दिया है। गूगल में रेगुलेटरी अफेयर्स की वाइस प्रेसिडेंस, ली-ऐन मुलहोलैंड ने कहा कि कंपनी इससे पूरी तरह असहमत है और डीओजे के सर्च वितरण मुकदमे में निर्णय के खिलाफ अपील करेगी। अपने रेमेडीज प्रस्ताव में गूगल ने कहा कि एप्पल और मोजिला जैसी ब्राउजर कंपनियों को अपने यूजर्स के लिए सर्वोत्तम समझे जाने वाले किसी भी सर्च इंजन के साथ डील करने की स्वतंत्रता जारी रहनी चाहिए। मुलहोलैंड ने कंपनी के ब्लॉग पोस्ट में कहा कि कोर्ट ने स्वीकार किया कि ब्राउजर कंपनियां कभी-कभी गूगल की खोज गुणवत्ता का उसके प्रतिद्वंद्वियों के सापेक्ष मूल्यांकन करती हैं और गूगल को बेहतर पाती हैं और मोजिला जैसी कंपनियों इन अनुबंधों से आय आर्जित करती हैं। इस साल अक्टूबर में यूएस डीओजे और हर अमेरिकी राज्य के अटॉर्नी जनरल (एजी) के साथ-साथ डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया, गुआम और प्यूर्टो रिको ने गूगल के खिलाफ फेडरल एंटीट्रस्ट मुकदमे में एक रेमेडी फ्रेमवर्क प्रास्तव दायर किया था।




## रोचक तथ्यों का करंट



- इंद्रधनुष रंगावली का क्रम लाल, नारंगी, पीला, हरा, नीला, नीलिगो, बैंगनी है।
- इंद्रधनुष न केवल बारिश में देखा जा सकता है बल्कि धुंध, स्प्रे, कोहरे और ओस में भी देखा जा सकता है, जब भी हवा में पानी गिरता है और दाएं कोण पर पीछे से चमकता हुआ प्रकाश होता है।
- अधिकांश इंद्रधनुष प्राथमिक इंद्रधनुष होते हैं, बाहरी किनारे पर लाल और भीतरी किनारे पर बैंगनी।
- यदि एक डबल इंद्रधनुष है तो दुसरे वाले के रंग प्राथमिक या पहली इंद्रधनुष के विपरीत क्रम में होते हैं।
- एक चंद्र इंद्रधनुष या चंद्रधनुष देखने के लिए, चंद्रमा केवल पूर्ण ही नहीं होना चाहिए, बल्कि यह सूर्योदय से 2 से 3 घंटे के भीतर आकाश में 42 डिग्री से भी कम होना चाहिए, और निश्चित रूप से, बारिश बिल्कुल उस सटीक पल पर चंद्रमा के विपरीत होनी चाहिए।
- बहुत ही दुर्लभ अवसरों पर एक तीसरा और चौथा इंद्रधनुष भी हो सकता है।
- कुछ इंद्रधनुष में केवल एक रंग होता है और इसे 'मोनोक्रोम इंद्रधनुष' कहा जाता है।
- आकाश में यदि सूर्य कम ऊंचाई पर होता है तो इन्द्रधनुष ऊंचाई पर बनता है और यदि आकाश में सूर्य अधिक ऊंचाई पर होता है तो इन्द्रधनुष काफी नीचे बनता है।

# इस साल गोल्ड ने दिया शेयर बाजार से दोगुना रिटर्न निवेशक हुए मालामाल

**नई दिल्ली।** गोल्ड ने 2024 में निवेशकों पर जमकर धन बरसाया है। इस साल की शुरूआत से लेकर अब तक गोल्ड इन्वेस्टर्स को 19 प्रतिशत की रिटर्न दे चुका है, जो कि समान अवधि में सेंसेक्स द्वारा दिए गए 8.35 प्रतिशत के रिटर्न से भी दोगुना है। एक जनवरी, 2024 को 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 63,970 रुपये प्रति 10 ग्राम थी, जो कि 23 दिसंबर को बढ़कर 76,160 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। इस दौरान 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 12,190 रुपये प्रति 10 ग्राम या 19 प्रतिशत बढ़ी है।



2024 में गोल्ड की कीमत बढ़ने के पीछे कई कारण थे। गोल्ड महंगाई के खिलाफ एक वैश्विक स्तर पर एक अच्छा हेज माना जाता है। इस कारण से जब भी महंगाई अधिक होती है और गोल्ड की कीमतों में तगड़ा उछाल देखा जाता है। ब्याज दरों और गोल्ड की कीमतों में हमेशा एक विपरीत संबंध होता है। जब भी ब्याज दरें बढ़ती हैं तो गोल्ड की कीमतें नीचे जाती हैं। वहीं, जब भी ब्याज दरें नीचे जाती हैं, तो गोल्ड की कीमतें ऊपर जाती हैं। इस कारण से जब सितंबर, अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर में अमेरिकी फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती की गई थी, तब गोल्ड की कीमतों में तेजी देखने को मिली थी। गोल्ड की कीमतों में तेजी की वजह बढ़ती हुई मांग हैं। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में गोल्ड की मांग 2024 में 700 से 750 टन रह सकती है। गोल्ड की कीमतें बढ़ने की वजह दुनिया के केंद्रीय बैंकों द्वारा बड़ी मात्रा में गोल्ड की खरीदारी करना है। आरबीआई ने इस साल जनवरी से लेकर अक्टूबर की अवधि में 77 टन गोल्ड खरीदा है। इसमें से करीब 27 टन गोल्ड केवल अक्टूबर में खरीदा गया है। डब्ल्यूजीसी ने कहा कि आरबीआई द्वारा 2024 के पहले 10 महीनों में खरीदा गया गोल्ड 2023 की समान अवधि की गई सोने की खरीद की तुलना में 5 गुणा अधिक है।

# भारत 6जी की ओर वैश्विक दौड़ का नेतृत्व करने के लिए तैयार : सीओएआई

**नई दिल्ली।** सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने सोमवार को कहा कि भारत 6जी की ओर वैश्विक दौड़ का नेतृत्व करने के लिए तैयार है, जिसमें तकनीकी नेतृत्व को आगे बढ़ाने का एक बेहतरीन अवसर है। भारत 6जी विजन जैसे चल रहे प्रयासों के साथ, सरकार का लक्ष्य देश से 10 प्रतिशत 6जी पेटेंट बनाना है और '6जी इकोसिस्टम पर रिसर्च को आगे बढ़ाना' पर 470 प्रपोजल का मूल्यांकन कर रही है। सीओएआई के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. एसपी कोचर ने कहा, टेलीकॉम में डिजिटल इनोवेशन की तीव्र गति को कस्टमर सर्विस, ऑपरेशनल सपोर्ट, नेटवर्क ऑप्टिमाइजेशन और ऑटोमेशन, प्रीडिक्टिव मेंटेनेंस, फ्रॉड प्रिवेंशन जैसे एरिया में एआई और जेनएआई टेक्नोलॉजी को बड़े स्तर पर अपनाए जाने के साथ देखा जा सकता है। केपीएमजी इंडिया की एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, भारत में टेक्नोलॉजी, मीडिया और दूरसंचार (टीएमटी) क्षेत्र के 55 प्रतिशत संगठनों ने एआई को पूरी तरह से इंटीग्रेट कर लिया है, जबकि 37 प्रतिशत स्केलिंग स्टेज में हैं। सीओएआई ने आगे कहा, 1.2 बिलियन टेलीकॉम सब्सक्राइबर बेस के साथ, इस साल अक्टूबर तक प्रति वायरलेस डेटा सब्सक्राइबर औसत मासिक डेटा खपत 21.30 जीबी तक पहुंच गई है। कोचर ने कहा, अक्टूबर तक, 4,60,592 से अधिक 5जी बीटीएस साइटें स्थापित की गईं, जिससे 5जी यूजर्स आधार में उछाल आया, जो 125 मिलियन को पार कर गया और 2026 तक 350 मिलियन तक पहुंचने का अनुमान है। फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस भारत में 5जी इस्तेमाल के एक प्रमुख मामले के रूप में उभरा, जिसके लॉन्च के एक साल के भीतर कनेक्शन लगभग 3 मिलियन तक पहुंच गए। जीडीपी में एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में, यह क्षेत्र प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 4 मिलियन से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है। वैश्विक निकाय जीएसएमए का अनुमान है कि भारत में 5जी में अपेक्षित ट्रैफिक वृद्धि को पूरा करने के लिए 2 गीगाहट्र्ज मिड-बैंड स्पेक्ट्रम की आवश्यकता होगी। सीओएआई ने कहा, 6 गीगाहट्र्ज आखिरी बचा हुआ मिड-बैंड स्पेक्ट्रम है, जहां मोबाइल नेटवर्क के साथ शहर-व्यापी कवरेज प्रदान किया जा सकता है, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि इस बैंड को आईएमटी को आवंटित किया जाए। यह भी कहा गया, इसके अलावा, 6 गीगाहट्र्ज बैंड पर काम करने वाले वाई-फाई 6ई वायरलेस राउटर को भारत में उपभोक्ताओं को ई-कॉमर्स वेबसाइटों के जरिए अवैध रूप से बेचे जाने की एक और बढ़ती चिंता है, हालांकि दूरसंचार विभाग ने इसके इस्तेमाल के संबंध में निर्णय नहीं लिया है।




## राशिफल

**मेष :** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**वृष :** दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। पुराना रोग उभर सकता है।

**मिथुन :** प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा।

**कर्क :** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। घर में अतिथियों का आगमन होगा।

**सिंह :** अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में अधिकार वृद्धि हो सकती है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**कन्या :** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। विवाद से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**तुला :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**वृश्चिक :** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा।

**धनु :** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़े काम की रुकावट दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मकर :** यात्रा में जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।

**कुंभ :** धनहानि की आशंका है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। थकान व कमजोरी रह सकती है। व्यापार व व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा।

**मीन :** स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। आय के नए साधन प्राप्त हो सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे।

## चुटकुले

मरीज- डॉक्टर साहब, क्या आपको यकीन है कि मुझे मलेरिया ही है ?
दरअसल मैंने एक मरीज के बारे में पढ़ा था कि डॉक्टर उसका मलेरिया का इलाज करते रहे...
अंत में जब वह मरा तो पता चला कि उसे टायफाइड था।
डॉक्टर- चिन्ता मत करो, हमारे अस्पताल में ऐसा कभी नहीं होता।
हम अगर किसी का मलेरिया का इलाज करते हैं तो वह मलेरिया से ही मरता है!

---

पत्नी- अगर मैं तुम्हें छोड़कर चली गई, तो तुम क्या करोगे?
पति- मैं तो पागल हो जाऊंगा
पत्नी- मतलब दूसरी शादी तो नहीं करोगे?
पति- पागल कुछ भी कर सकता है...




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# शतरंज खिलाड़ी तानिया सचदेव की पोस्ट पर सीएम आतिशी ने किया सुझाव के लिए आमंत्रित

**नई दिल्ली।** भारत की दिग्गज शतरंज खिलाड़ी तानिया सचदेव ने दिल्ली सरकार पर शतरंज खिलाड़ियों की उपेक्षा का आरोप लगाया है। इस पर मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा है कि वह उनसे मिलकर उनके सुझाव जानेंगी ताकि इस संबंध और भी जो करना जरूरी है वह किया जा सके।

खासकर हमारे स्कूलों में। आपसे मिलकर यह समझना चाहूंगी कि विशेष रूप से शतरंज खिलाड़ियों के लिए और क्या किया जा सकता है। मेरा कार्यालय आपसे संपर्क करेगा और मैं आपके विचारों तथा सुझावों को सुनने के लिए उत्सुक हूं। तानिया ने एक्स पर अपने पोस्ट में अपनी उपलब्धियों को उजागर किया और बताया कि कैसे दिल्ली सरकार उनकी उपलब्धियों को पर्याप्त रूप से मान्यता देने में विफल रही है। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री



आतिशी और आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को भी टैग किया। तानिया ने एक्स पर लिखा, मैं 2008 से भारत के लिए खेल रही हूं। शतरंज में उपलब्धियों के लिए दिल्ली सरकार द्वारा मान्यता न दिया जाना निराशाजनक है। जो राज्य अपने चैंपियन का समर्थन करते हैं और

### मुख्यमंत्री आतिशी ने एक्स पर तानिया के पोस्ट के जवाब में लिखा हमने हमेशा अपने सभी एथलीटों पुरुष और महिला खिलाड़ियों का समर्थन किया है

उनका जश्न मनाते हैं, वे सीधे उत्कृष्टता को प्रेरित करते हैं और प्रतिभा को प्रेरित करते हैं। दुख की बात है कि दिल्ली ने अभी तक यह कदम नहीं उठाया है।

तानिया 2024 शतरंज ओलंपियाड में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला टीम की सदस्य थीं, जिसमें हरिका द्रोणावल्ली, वैशाली आर., दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल शामिल थीं। वह 2022 शतरंज ओलंपियाड में कांस्य पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थीं, जहां तानिया ने खुद एक व्यक्तिगत पदक जीता था।

उन्होंने कहा, 2022 शतरंज ओलंपियाड में मैं ऐतिहासिक टीम कांस्य और एक व्यक्तिगत पदक के साथ वापस आई। दो साल बाद 2024 में ऐतिहासिक शतरंज ओलंपिक स्वर्ण, और आज तक राज्य सरकार द्वारा कोई स्वीकृति या मान्यता नहीं दी गई है।

# पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से क्लीन स्वीप किया

**जोहान्सबर्ग।** सैम अयूब के शानदार शतक और नियंत्रित गेंदबाजी के दम पर पाकिस्तान ने सोमवार (भारतीय समयानुसार) को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में 3-0 से जीत



दर्ज की। पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को घरेलू पुरुष वनडे सीरीज में पहली बार क्लीन स्वीप करने पर मजबूर किया है। बारिश से प्रभावित मैच में पाकिस्तान ने प्रोटियाज को 36 रन (डीएलएस पद्धति) से हराया। तीसरे वनडे में जीत सैम अयूब की बदौलत मिली, जिन्होंने सीरीज में अपना दूसरा शतक लगाया और डेब्यू करने वाले सुफियान मोकिम ने 4-52 के आंकड़े दिए।

# वानिंदु हसरंगा की वनडे के लिए टीम में वापिसी

**कोलंबो।** लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी तीन मैचों की सीरीज के लिए श्रीलंका की वनडे टीम में लौट आए हैं। यह सीरीज 5 जनवरी से वेलिंगटन में शुरू होगी।

श्रीलंका तीन टी20 और इतने ही वनडे के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगी। इसके बाद वह जनवरी के आखिर में दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी।

नवंबर में अफगानिस्तान के परेरा को खेलने का मौका नहीं मिला। पिछली सीरीज में हसरंगा की जगह लेने वाले हेमंथा को भी बाहर रखा गया है।

हसरंगा के अलावा, श्रीलंका ने बल्लेबाज नुवानिदु फर्नांडो को शामिल किया है, जिन्होंने 2023 में भारत के खिलाफ डेब्यू किया था और पांच वनडे खेले हैं, और तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा, जो आखिरी बार मार्च में बांग्लादेश के खिलाफ खेले थे। टीम में



खिलाफ पिछली सीरीज में हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बाहर रहने के बाद हसरंगा वनडे टीम में लौट आए हैं। इस बीच, इस दौरे के लिए टी20 टीम से बाहर किए गए डुनिथ वेलालेज ने 50 ओवर के प्रारूप में अपनी जगह बरकरार रखी है।

टीम ने पिछले महीने की टीम में चार बदलाव किए हैं, जिसमें दुशान हेमंथा, कुसल परेरा, सदीरा समरविक्रमा और दिलशान मदुशंका को बाहर रखा गया है। उल्लेखनीय रूप से, 2023 विश्व कप के बाद न्यूजीलैंड सीरीज के दौरान वनडे में वापसी करने वाले 50 ओवर के मैचों के लिए अनकैप्ड मीडियम पेसर ईशान मलिंगा को भी शामिल किया गया है।

एकदिवसीय श्रृंखला के लिए श्रीलंका टीमः चरिथ असालंका (कप्तान), पथुम निसंका, अविष्का फर्नांडो, निशान मदुश्का, कुसल मेंडिस, कामिंदु मेंडिस, जेनिथ लियानाज, नुवानिदु फर्नांडो, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महेश थीक्षाना, जेफरी वेंडरसे, चामिदु विक्रमसिंघे, असिथा फर्नांडो, मोहम्मद शिराज, लाहिरु कुमारा, ईशान मलिंगा।

# गिल की बल्लेबाजी में 'तकनीकी खामियां' हैं : कार्तिक

**नईदिल्ली।** भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में शुभमन गिल की 'तकनीकी खामियों' की ओर इशारा किया, जहां उन्होंने अब तक दौरे पर तीन पारियों में सिर्फ 60 रन बनाए हैं।

यशस्वी जायसवाल और गिल ने शीर्ष क्रम में संघर्ष किया, जबकि विराट कोहली, ऋषभ पंत और कप्तान रोहित शर्मा ने पिछले दो टेस्ट मैचों में मध्य क्रम में निराशाजनक प्रदर्शन किया।

कार्तिक ने कहा कि गिल ने विदेशी परिस्थितियों में अपना दृष्टिकोण नहीं बदला है, जो ऑस्ट्रेलिया में उनके संघर्ष का मुख्य कारण है।

कार्तिक ने क्रिकबज पर कहा, मुझे लगता है कि शुभमन गिल ने निश्चित रूप से थोड़ी तकनीकी गलती की है, जो गेंद को धक्का दे रहा है। जब आप बहुत ज्यादा सफेद गेंद वाली क्रिकेट खेलते हैं, तो आप ऐसा करते



हैं। यहां तक कि ट्रैविस हेड भी ऐसा करते हैं, लेकिन उन्होंने ऐसा करने का

### एडिलेड और ब्रिसबेन में खराब प्रदर्शन के बाद भारत की बल्लेबाजी पर बढ़ते दबाव के साथ, मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए दांव ऊंचे हैं, क्योंकि पांच टेस्ट मैचों की सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर है

अपना तरीका खोज लिया है, और मुझे लगता है कि शुभमन गिल जैसे खिलाड़ी भारत में जिस तरह से बल्लेबाजी करते हैं और जिस तरह से वे बाहर बल्लेबाजी करते हैं, उसके जाल में फंस जाते हैं।"

यानी, जिस पल आप गेंदबाज से गेंद को छूटते देखते हैं, आपका दिमाग आपको बताता है कि यह एक फुल बॉल है, आपको इस पर आगे बढ़ना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में जाने वाले बल्लेबाज जब इस तरह की फुलर बॉल देखते हैं, तो अभ्यास में खुद को ढाल लेते हैं, खास तौर पर नई गेंद के खिलाफ - ए) वे थोड़े नरम हाथों से खेलते हैं, या बी) वे गेंद को शरीर के जितना करीब हो सके खेलने या छोड़ने पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करते हैं।

उन्होंने कहा, शुभमन गिल वैसे ही खेल रहे हैं जैसे वे भारत में खेलते हैं, जहां वे रिलीज देखते हैं, और गेंद को मजबूत हाथों से खेलने जाते हैं। अब ऑस्ट्रेलिया में, कभी-कभी, गाबा जैसी जगहों पर, सामने की तुलना में स्क्वायर ऑफ विकेट खेलना ज्यादा आसान होता है।

# मनु भाकर ने खेल रत्न के लिए आवेदन किया : सूत्र

**नई दिल्ली।** ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर का नाम इस साल प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए नामित खिलाड़ियों की सूची से स्पष्ट रूप से गायब है। यह अप्रत्याशित अनदेखी तब हुई है, जब भाकर ने 2024 पेरिस ओलंपिक में इतिहास रच दिया , वह महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनीं। इसके बाद उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ मिश्रित 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में एक और कांस्य पदक



जीता, जो भारत की आजादी के बाद पहली बार किसी भारतीय द्वारा एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने का संकेत है। सोमवार को, निशानेबाज के करीबी सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि दो बार की पदक विजेता निशानेबाज ने खेल रत्न पुरस्कार के लिए आवेदन किया था, लेकिन उन्हें नहीं चुना गया। सूत्र ने कहा, मनु भाकर ने खेल रत्न के लिए आवेदन किया था, लेकिन अजीब बात यह है कि उन्हें चुना नहीं गया। यह सभी के लिए चौंकाने वाला है। इसमें एनआरएआई की कोई भूमिका नहीं है।

# बॉक्सर गौरव बिधूड़ी ने दिल्ली सरकार की आलोचना में तानिया का साथ दिया, सीएम आतिशी ने जवाब दिया

**नई दिल्ली।** शतरंज की दिग्गज खिलाड़ी तानिया सचदेव के बाद, पूर्व विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता मुक्केबाज गौरव बिधूड़ी ने खिलाड़ियों के प्रति भेदभाव और उनकी उपलब्धियों को नजरअंदाज करने के लिए दिल्ली सरकार की आलोचना की।

सोमवार की सुबह, तानिया ने अपनी निराशा व्यक्त की और एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि कैसे दिल्ली सरकार उनकी उपलब्धियों को मान्यता देने में विफल रही है। मैं 2008 से भारत के लिए खेल रही हूं। शतरंज में उपलब्धियों के लिए दिल्ली सरकार से मान्यता न मिलना निराशाजनक है। जो राज्य अपने चैंपियन का समर्थन करते हैं और उनका जश्न मनाते हैं, वे सीधे उत्कृष्टता को प्रेरित करते हैं और प्रतिभा को प्रेरित करते हैं। दुख की बात है कि



दिल्ली ने अभी तक यह कदम नहीं उठाया है।"

### 2017 बॉक्सिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले बिधूड़ी ने तानिया के दावों से तुरंत सहमति जताते हुए कहा कि दिल्ली के खिलाड़ी देश के लिए पदक जीतते हैं

अपनी हालिया उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए, जिसमें ऐतिहासिक शतरंज ओलंपिक स्वर्ण भी शामिल है, तानिया ने कहा, आज तक राज्य सरकार द्वारा कोई स्वीकृति या मान्यता नहीं दी गई है।

लेकिन राष्ट्रीय राजधानी में उनके साथ अन्य राज्यों की तुलना में अलग व्यवहार किया जाता है। उन्होंने पदक जीतने वाले एथलीटों को दिल्ली सरकार द्वारा मान्यता न दिए जाने की ओर इशारा किया।

बिधूड़ी ने एक्स पर पोस्ट किया, कोई भी दिल्ली के एथलीटों के साथ होने वाले भेदभाव का मुद्दा क्यों नहीं उठाता? हम भारत के लिए एक ही पदक जीतते हैं, लेकिन अलग-अलग राज्यों में हमारे साथ अलग-अलग व्यवहार किया जाता है।

उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी के केंद्र शासित प्रदेश के दर्जे को दोहराकर अपनी जिम्मेदारी से बच जाती है। हम दिल्लीवाले तो अनाथ हैं।

# रोहित में आत्मविश्वास की कमी है और वह खुद पर संदेह करता है: मांजरेकर

**नई दिल्ली।** मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट के करीब आते ही, पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने आलोचनाओं से घिरे कप्तान रोहित शर्मा को ऑस्ट्रेलिया के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ अपनी आक्रामक बल्लेबाजी शैली पर पुनर्विचार करने की चेतावनी दी है।

इस साल टेस्ट क्रिकेट में निरंतरता के लिए संघर्ष कर रहे शर्मा को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत के अभियान में सार्थक योगदान देने के लिए अपने दृष्टिकोण को फिर से समायोजित करने की आवश्यकता है, जो वर्तमान में 1-1 से बराबर है।

2024 में टेस्ट क्रिकेट में रोहित का फॉर्म निराशाजनक रहा है। 13 मैचों में, उनका औसत 26.39 है, जो उनके आम तौर पर विश्वसनीय मानकों से काफी कम है। वह अपने दूसरे बच्चे



के जन्म के कारण श्रृंखला के पहले टेस्ट से चूक गए, लेकिन एडिलेड में गुलाबी गेंद के टेस्ट के लिए लौटे, लेकिन दो पारियों में केवल नौ रन ही बना सके। ब्रिसबेन में बारिश से प्रभावित तीसरे टेस्ट में उन्होंने नंबर 6 पर बल्लेबाजी की और सिर्फ 10 रन ही बना पाए।

मांजरेकर ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, उसने बड़ा खेल दिखाया है। दक्षिण अफ्रीका में, उसने एक पारी में ऐसा खेला था, जिसमें लक्ष्य छोटा था और वे गेंदबाजों पर हावी हो गए थे, और रोहित शर्मा ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया था।

लेकिन ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच में जिस तरह के गेंदबाजों से वह जूझ रहा है, सभी शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं, उन पर काबू पाना आसान नहीं है, क्योंकि उसके शॉट वाकई बहुत जोखिम भरे हैं। उसने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में भी गेंदबाजों को परेशान करने के लिए ऐसा करने की कोशिश की थी, लेकिन आक्रामक शॉट खेलने के बावजूद आउट हो गया।

# जायसवाल को खुद को थोड़ा और समय देने की जरूरत है : पुजारा

**नई दिल्ली।** अनुभवी भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा को लगता है कि यशस्वी जायसवाल मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में बल्लेबाजी करते हुए जल्दबाजी में खेलने की कोशिश कर रहे हैं और उन्होंने बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज को क्रीज पर खुद को थोड़ा और समय देने की सलाह दी।

जायसवाल ने अब तक तीन टेस्ट मैचों में 193 रन बनाए हैं, जिनमें से 161 रन उन्होंने पर्थ में दूसरी पारी में बनाए, जहां भारत ने 295 रनों से जीत दर्ज की। लेकिन उसके बाद, जायसवाल को रन बनाने में संघर्ष करना पड़ा, जो उनके 0, 24, 4 और नाबाद 4 रन के स्कोर से स्पष्ट है।

जिस तरह से वह खेल रहे हैं, उन्हें खुद को थोड़ा और समय देने की जरूरत है, वह जल्दबाजी में खेलने की कोशिश कर रहे हैं, वह थोड़ा और शॉट खेलने की कोशिश



कर रहे हैं। उन्हें तभी शॉट खेलना चाहिए जब उन्हें इस बारे में पूरा भरोसा हो, खासकर पहले 5-10 ओवरों में क्योंकि ऐसा लगता है कि उन्हें रन बनाने की जल्दी है, उन्हें जल्दी शुरूआत चाहिए और वे पहले 15-20 रन जल्दी बनाना चाहते हैं।

जब आप टेस्ट क्रिकेट में ओपनर होते हैं तो आप गेंद की तलाश में नहीं जाते, आप गेंदों को मेरिट के हिसाब से खेलते हैं। भले ही आप आक्रामक खिलाड़ी हों, वीरेंद्र सहवाग भी आक्रामक खिलाड़ी थे, लेकिन वे तभी शॉट खेलते थे जब गेंद उनके क्षेत्र में पिच होती थी।

इस सीरीज में, जायसवाल को बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने चार बार आउट किया है और पुजारा ने युवा खिलाड़ी से कहा है कि वह अच्छी तरह से डिफेंस करें और अपने सीनियर ओपनिंग पार्टनर केएल राहुल से सीखें कि कैसे फुलर गेंदों का फायदा उठाते हैं।



# शेफाली ने 197 रन की विस्फोटक पारी खेलते हुए खटखटाया वापसी का दरवाजा

**राजकोट।** भारतीय महिला टीम से बाहर चल रहीं शेफाली वर्मा ने सोमवार को बंगाल के खिलाफ सीनियर महिला वनडे ट्रॉफी के क्वार्टरफाइनल में 115 गेंदों पर 197 रन की अद्भुत पारी खेली। राजकोट में खेले गए इस मुकाबले में शेफाली हरियाणा का नेतृत्व कर रहीं थीं। अपनी इस पारी में उन्होंने 22 चौके और 11 छक्के लगाए, जिसकी बदौलत हरियाणा ने 389/5 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

इस प्रतियोगिता में शेफाली का ये दूसरा शतक था, इससे पहले उत्तरप्रदेश के खिलाफ पहले ही मैच में उन्होंने 98 गेंदों पर 139 रन बनाए थे। अब तक सात पारियों में शेफाली ने 527 रन बनाए हैं और वह फेहरिस्त में सबसे ऊपर हैं, जबकि शेफाली दो पारी और खेल सकती हैं।

शेफाली का ये फॉर्म इसलिए खास है क्योंकि वह फि लहाल भारतीय सफेद गेंद टीम से बाहर हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से वह इसलिए बाहर रहीं थीं क्योंकि इस साल वनडे में उनके नाम छह पारियों में 18 की औसत से महज 108 रन आए थे। सीनियर महिला वनडे ट्रॉफी में बेहतरीन आगाज करने के बावजूद शेफाली वेस्टइंडीज के खिलाफ मौजूदा वनडे सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं।

शेफाली की गैरमौजूदगी में भारतीय टीम को स्मृति मंधाना की सलामी साझेदार को ढूंढने में संघर्ष करना पड़ रहा है। ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम ने प्रिया पूनिया को आजमाया था जिन्होंने घरेलू मैचों में शानदार फॉर्म दिखाने के बाद टीम इंडिया में वापसी की थी। पूनिया के साथ-साथ ऋचा घोष को भी टॉप ऑर्डर में खिलाया गया था लेकिन भारत को उस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 3-0 से व्हाइटवॉश झेलना पड़ा था।

दूसरे वनडे में पूनिया को चोट लगने की वजह से घोष से पारी का आगाज कराया गया था, लेकिन विकेटकीपर बल्लेबाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया था कि वह पहले से ही ओपन करने के लिए तैयार थीं।

रविवार को भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ एक और नई सलामी जोड़ी को आजमाया था। दिल्ली की प्रतिका रावल और मंधाना, जहां रावल ने 40 रन की पारी खेली और पहले विकेट के लिए मंधाना के साथ 110 रन जोड़े। भारत ने ये मुकाबला बड़े अंतर से अपने नाम किया। शेफाली ने आखिरी बार भारत के लिए वनडे में अक्टूबर में खेला था, जब न्यूजीलैंड के खिलाफ घर में सीरीज हुई थी। शेफाली ने तब तीन पारियों में 56 रन बनाए थे, उसके अलावा यूएई में खेले गए टी20 विश्व कप में भी उनका प्रदर्शन साधारण रहा था। जहां शेफाली ने चार पारियों में 97 रन ही बनाए थे। इस सीरीज से पहले जब कप्तान हरमनप्रीत कौर से पूछा गया था कि कई खिलाड़ी दल का हिस्सा नहीं हैं। इसपर हरमनप्रीत ने कहा था इसका जवाब सही व्यक्ति ही दे सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह की 122वीं जन्मोत्सव पर किया नमन



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 122 वीं जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में उनकी प्रतिमा पर नगर पालिका सभासदों ने माल्यापर्ण कर उन्हें नमन किया।

बस स्टैंड पर स्थित चौधरी चरण सिंह प्रतिमा पर पंहुचे पालिका सभासदों ने चौधरी सहाब को याद करते हुये सबसे पहले उन्हें माल्यापर्ण करते हुये उनके बतायें मार्गों का अनुसरण करने की शपथ ली। इस मौके पर प्रदीप शर्मा, आदित्य चैधरी, जीतेन्द्र चैधरी, संदीप सागवान, बलराज गुर्जर, प्रवीन सोनू कुमार, नरेन्द्र तोमर, रजनीश चैधरी, कपिल चैधरी, राहुल राणा आदि सभासद उपस्थिति थ्रहें।

# लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती धूमधाम से मनाई



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट द्वारा ज्ञानपीठ केन्द्र 1, स्वरुप पार्क जीटी रोड साहिबाबाद के प्रांगण में किसानों के मसीहा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह का 122वाँ जन्म-दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट के संस्थापक राम दुलार यादव ने कहा कि भारत रत्न चौधरी चरण सिंह सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी, नैतिकता, त्याग, तपस्या की प्रतिमूर्ति रहे हैं। उन्होंने अपना सारा जीवन वंचित, शोषित समाज, किसान, मजदूर और कमजोर वर्गों के उत्थान में लगा दिया, तथा राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए शिष्टाचार और नैतिक आचरण की वकालत की, जब भारत स्वतंत्र नहीं हुआ था तब कई बार जेल गए, ब्रिटिश हुकूमत की यातना के शिकार हुए, एक बार तो अंग्रेजी सरकार ने उन्हें जिंदा और मुर्दा पकड़ने का फरमान जारी कर दिया था, जब देश आजाद हुआ तो उन्होंने उत्तर प्रदेश में किसानों और मजदूरों के शोषण को रोकने के लिए कई प्रयास किए, 27000 पटवारी का त्यागपत्र स्वीकार कर लेखपाल भर्ती कर दिए, तथा जमींदारी प्रथा को खत्म कर किसानों और मजदूरों को जमीन का स्वामी बनाने का काम किया, उनका मानना था। कि देश की खुशहाली का रास्ता गांव के ह्लखेत और खलियानों से निकलता हैह्व, जब गांव खुशहाल होंगे तो ही कस्बे और शहर खुशहाल होंगे, चौधरी चरण सिंह मंत्री, मुख्यमंत्री, गृह मंत्री, उप प्रधानमंत्री और प्रधानमंत्री तक के पद पर आसीन रहे लेकिन उनकी कोई निजी संपत्ति नहीं थी, बेदाग जीवन जीकर एक मिसाल कायम की, लेकिन आज स्थिति बदली हुई है, चौधरी चरण सिंह जैसे नेता सदियों में पैदा होते हैं।आज देश में लूट और झूठ, भ्रष्टाचार का बेशर्मी से काम चल रहा है, संविधान और संवैधानिक संस्थाएं लहूलुहान हो रही है, लोकतंत्र को खतरा पैदा हो गया है। इस मौके पर

कार्यक्रम की अध्यक्षता डा देवकर्ण चौहान ने की वही आयोजन इंजी. धीरेन्द्र यादव ने किया। राजेन्द्र सिंह ने भजन, विनोद त्रिपाठी ने गीत सुना सभी को आत्म विभोर कर दिया। इस अवसर पर देवकर्ण चौहान, ब्रह्म प्रकाश, श्रीनय, सम्राट सिंह, सीबी मौर्य, मुनीव राम यादव, एसएन जायसवाल, आरपी सिंह, विनोद कुमार त्रिपाठी, रवि अरोड़ा, जितेन्द्र यादव, ओम पाल सिंह, विनोद, इंजी धीरेन्द्र यादव, सुरेश कुमार भरद्वाज, मोहम्मद सलाम, प्रेम चन्द पटेल, अखिलेश कुमार शुक्ल, शिवम्‍ पाण्डेय, हरिकृष्ण आदि लोग मौजूद रहे।

# विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में जाँच समिति का किया गठन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इन्दिरापुरम योजना के शक्तिखण्ड-1 के भवन संख्या-155ए, 154ए 134ए, 22जी, 183जी, 191जी, 210जी, 215जी, 287जी, 208बी, 209बी, 267बी, 278ए, 180जी, 185जी, 202जी, 259बी पर माफियाओं द्वारा कब्जा किये जाने सम्बन्धी प्राधिकरण में शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। प्राप्त शिकायतों के क्रम में उपाध्यक्ष महोदय द्वारा सचिव, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में जाँच समिति का गठन किया गया है। उपरोक्त भवनों के सम्बन्ध में जिन व्यक्तियों द्वारा अपने दावे प्राधिकरण में प्रस्तुत किये जा रहे हैं, उनका गुण-दोष के आधार पर उपाध्यक्ष महोदय द्वारा गठित जाँच समिति द्वारा जाँच की जा रही है। उक्त जाँच में जिन दावेदारों के दस्तावेज/दावा सही नहीं पाया जाता है तो उस दावेदार के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करते हुए प्राथमिकी (एफ.आई.आर.) दर्ज करायी जायेगी।

# आईटीएस मोहन नगर गाजियाबाद में माता की चौकी का भव्य आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आई टी एस मोहन नगर गाजियाबाद में सोमवार को अन्य वर्षों की भांति इस वर्ष भी नए सत्र के स्वागत में भव्य वार्षिक माता की चौकी का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम की भव्यता एवं सभी छात्रों, नव प्रवेशी छात्रों एवं छात्रों के माता - पिता के साथ साथ अनेक सामाजिक, शैक्षणिक, राजनीतिक तथा सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र के गणमान्य अतिथियों के साथ साथ आई0टी0एस परिवार के सभी सदस्यों की उपस्थिति इस कार्यक्रम की विशिष्टाता बढ़ा देती है। कार्यक्रम में 4000 से भी अधिक लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ चेयरमैन डॉ आर0 पी0 चड्ढा एवं मीरा चड्ढा, वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा एवं लतिका चड्ढा द्वारा पूजन अर्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर सचिव बी के अरोड़ा, निदेशक (पी आर) सुरेन्द्र सूद, निदेशक (यूजी एंड आईटी) डॉ सुनील कुमार पांडेय, आई0टी0एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक डॉ अजय कुमार, आई0टी0एस गाजियाबाद (प्रबंधन) निदेशक डॉ वी एन बाजपेई तथा वाइस प्रिंसिपल (यू जी) डॉ नैंसी शर्मा ने पूजन एवं अर्चना के साथ मान दुर्गा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर संस्थान एवं समाज के कल्याण हेतु मंगल कामना की।

# श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन राजा परीक्षित के प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए भक्त





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के न्यायखंड -2 में पर्वतीय प्रवासी जन कल्याण समिति के के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन सोमवार को वृंदावन से पधारीं कथा वाचिका पूज्या दिव्या देवी जी ने राजा परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म सहित अन्य प्रसंग सुनाया। कथावाचक ने शुकदेव परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वन में चले गए। उनको प्यास लगी तो समीक ऋषि से पानी मांगा। ऋषि समाधि में थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके। परीक्षित ने सोचा कि साधु ने अपमान किया है। उन्होंने मरा हुआ सांप उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया। यह सूचना पास में खेल रहे बच्चों ने समीक ऋषि के पुत्र को दी। ऋषि के पुत्र ने शाप दिया कि आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प आएगा और राजा को जलाकर भस्म कर देगा। समीक ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो महान धर्मात्मा राजा परीक्षित हैं और यह अपराध इन्होंने कलियुग के वशीभूत होकर किया है। समीक ऋषि ने जब यह सूचना जाकर परीक्षित महाराज को दी तो वह अपना राज्य अपने पुत्र जन्मेजय को सौंपकर गंगा नदी के तट पर पहुंचे। वहां बड़े ऋषि, मुनि देवता आ पहुंचे और अंत में व्यास नंदन शुकदेव वहां पहुंचे। शुकदेव को देखकर सभी ने खड़े होकर उनका स्वागत किया। कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा के दौरानन धार्मिक गीतों पर श्रद्धालु जम कर झूमें। कथा में दूसरे दिन बड़ी संख्या में महिला-पुरूष कथा सुनने पहुंचे। समिति के अध्यक्ष सरदार सिंह रावत ने कहा कि जनमानस के लोक कल्याण एबं सुख समृद्धि विश्व शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर आशीष परिवार, मोहन नेगी, चम्पा मनराल, अनीता लोहानी, रजनी इष्टवाल, शारदा ध्यानी, मंजू मैखुरी, राधा रावत, रणबीर, मेहरबान सिंह रावत, देवेशवर रावत आदि लोग मौजू रहे।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा महिलाओं की आवाज को कर रही है मजबूत

## पश्चिम उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक महिलाओं को महिला कांग्रेस सदस्यता अभियान से जोड़ा जाएगा

**पश्चिम उत्तर प्रदेश में महिला कांग्रेस संगठन निर्माण के लिए किए जा रहे है राष्ट्रीय आब्जर्वर के जनपद दौरे**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा द्वारा आदेशित नारी न्याय सम्मान समारोह सदस्यता सम्मेलन और संगठन विस्तार हेतु जनपद गौतमबुद्धनगर में जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस गौतमबुद्धनगर राधा रानी और जनपद हापुड़ में निवर्तमान प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस सीमा शर्मा द्वारा बैठकें आयोजित की गईं। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से राष्ट्रीय आब्जर्वर महिला कांग्रेस बहन पूनम पंडित और राष्ट्रीय आब्जर्वर महिला कांग्रेस पूजा चड्ढा शामिल हुईं। उक्त दोनों जनपद के सम्मेलन में सैकड़ों महिलाएं शामिल रहीं। पूनम पंडित ने मौजूद सभी महिलाओं से कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा राजनीति में अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना चाहती है। पूजा चड्ढा ने कहा कि आज महिलाएं मजबूत हैं, ताकतवर हैं लेकिन केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण असहाय महसूस करती हैं।

पूनम पंडित और पूजा चड्ढा ने संयुक्त रूप से कहा कि हापुड़ में सीमा शर्मा और गौतमबुद्धनगर में राधा रानी जी महिला कांग्रेस को मजबूत करने का कार्य कर रही है।

# देश के उभरते ड्रेस ब्रांड सैम रेनेसा ने आयोजित किया फैशन वीक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश के उभरते ड्रेस ब्रांड सैम रेनेसा द्वारा होटल हयात रिजेंसी लखनऊ में इंडिया इंटरनेशनल फैशन वीक आयोजित किया गया। इस आयोजन में रामप्रस्थ ग्रीन्स, वैशाली निवासिनी गाजियाबाद मॉडल निधि शर्मा को कैलेंडर फेस चुना गया। ड्रेस डिजाइनर सौम्या साहू द्वारा डिजाइन की गई ड्रेसेज को प्रदर्शित करते हुए निधि शर्मा द्वारा रैम्प वॉक किया गया। इसके अतिरिक्त नेपाल से आए ड्रेस डिजाइनर के ड्रेसेस पर भी रैंप वॉक किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री अमृता राव द्वारा निधि शर्मा को सम्मानित करते हुए ट्रॉफी , प्रमाणपत्र और कैलेंडर्स दिए गए।

निधि शर्मा प्रसिद्ध समाजसेविका, लेखिका तथा कवयित्री हैं। पूर्व में इनकी कई कविताओं और कहानियों को राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार भी मिल चुके हैं। निधि शर्मा द्वारा विचार व्यक्त किया गया कि प्रत्येक महिला एक अनोखी शक्ति से भरपूर मानवप्राणी है, जिसे ईश्वर ने कुछ अनोखा करने के लिए संसार में भेजा है ।

# गर्लफ्रेंड ने शादी से मना किया, बॉयफ्रेंड ने खोपा चाकू, मौत

## घर पर मां और दादी के सामने बेटी पर हमला



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा की बादलपुर थाना पुलिस ने एक युवती की हत्या के मामले में उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। प्रेमी ने चाकू खोपकर युवती की हत्या कर दी। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल चाकू को भी बरामद कर लिया है। आरोपी के द्वारा युवती के घर पहुंच कर ही इस घटना को अंजाम दिया गया।

सेंट्रल नोएडा के डीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि 21 दिसंबर को बादलपुर थाने पर एक व्यक्ति द्वारा तहरीर दी गई कि वीरेन्द्र नाम के युवक ने उसकी बेटी पर चाकू से हमला कर दिया। जिसमें वह बुरी तरह से घायल हो गई और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। रविवार को लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए युवती की हत्या करने वाले आरोपी विरेन्द्र को कल्दा पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### लड़की के घर जाकर चाकू से मारा

डीसीपी ने बताया कि थाना बादलपुर के अंतर्गत राखी (22) निवासी सत्यम रेजिडेंसी कॉलोनी, छपरौला और वीरेंद्र निवासी तोमडी, थाना औरंगाबाद, जिला बुलंदशहर जो काफी समय से एक दूसरे से प्यार करते थे तथा लड़का और लड़की के परिवार वाले भी लगभग 5-6 सालों से एक-दूसरे से परिचित थे।

21 दिसम्बर को वीरेंद्र उस लड़की के घर आया था। उस समय लड़की की मां तथा दादी घर मौजूद थी। तभी कुछ समय बाद किसी बात को लेकर राखी तथा वीरेंद्र दोनों में झगड़ा हुआ और वीरेंद्र ने राखी को चाकू मारकर घायल कर दिया, जिसको इलाज के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने राखी को मृत घोषित कर दिया । बताया जा रहा है कि उन दोनों के बीच शादी को लेकर विवाद हुआ था। दरसअल वह लगातार लड़की पर शादी का दबाव बना रहा था। लेकिन लड़की के परिजन उसकी कहीं और शादी करना चाहते थे। इसी बात को लेकर उन दोनों के बीच विवाद हुआ। उसने चाकू से उस पर वार कर दिया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसे जेल भेज दिया है।

# हापुड़ पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

## बोले- किसानों को विकसित बनाना है लक्ष्य, चल रही कई योजनाएं



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का 122वां जन्मदिवस उनकी जन्मस्थली नूरपुर गांव में राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। किसानों, मजदूरों और शोषितों के उत्थान के लिए उनके योगदान को याद किया। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य किसानों को समृद्ध बनाना और चौधरी चरण सिंह की विरासत को आगे बढ़ाना है।

### प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया

इस दौरान गांव श्यामपुर के किसानों ने गन्ना तौल केंद्र की समस्या उठाई। इस पर भूपेंद्र चौधरी ने गन्ना मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी से फोन पर बात कर समाधान के निर्देश दिए। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीएम प्रेरणा शर्मा, एसपी केजी सिंह, विधायक विजयपाल आढ़ती, गढ़ विधायक हरेंद्र तेवतिया और कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर बंधक बनाकर बदमाशों ने की लूटपाट



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा के सेक्टर-30 में परिमिंदर कौर परिवार के साथ रहती है। उन्होंने पुलिस को शिकायत दी कि रविवार देर रात को उनके घर में तीन लोग घुस गए। उनको डरा धमकाया और बंधक बनाकर उनसे पैसे लेकर चले गए। हालांकि कितना सामान और पैसे लेकर गए ये वह अभी नहीं बता पा रही है। पीड़िता ने अपने गार्ड के खिलाफ भी तहरीर दी है। मामला सेक्टर-20 पुलिस का है।

### आठ टीम की गठित

पुलिस ने मामले की जांच के लिए आठ टीमों का गठन किया है। साथ ही फॉरेंसिक टीम मौके पर जांच कर रही है। प्राथमिक जांच में सामने आया कि बाहर से कोई भी बल पूर्वक घर के अंदर नहीं गया। साथ ही एक्सप्रेस वे तक परिवार के तीन सदस्यों को बंधक बनाकर ले जाने की बात भी संदिग्ध है। पुलिस पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### बयानों में विरोधाभास

पुलिस ने बताया कि घर के गार्ड और परिवार के सदस्यों के बयानों में विरोधाभास है। पीड़ितों ने बताया कि बदमाश उनको उन्हीं की कार में बंधक बनाकर लेकर गए थे। उन्हें एक्सप्रेस वे कार सहित छोड़कर चले गए। पीड़ित परिवार पूरी तरह से सुरक्षित है। पुलिस के मुताबिक पूरी घटना संदिग्ध है। फिलहाल पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर थाना सेक्टर-20 पुलिस में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर किसानों का धरना-प्रदर्शन, वाहनों का टोल फ्री कराने की मांग

## 8 मांगों को लेकर संगठन का हंगामा



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेस के जेवर टोल प्लाजा पर किसानों के वाहनों के टोल फ्री की मांग को लेकर सोमवार को किसान एकता महासंघ और करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने अपनी मांगों को लेकर जमकर संबंधित विभाग के खिलाफ हंगामा भी किया। आरोप है कि पिछले कई सालों से क्षेत्र के किसानों की मांगों को लेकर उनका संगठन आंदोलन करता आ रहा है। लेकिन इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उनका कहना कि जब तक मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा। उनका संगठन इसी तरह धरना प्रदर्शन करता रहेगा। किसान एकता महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कसाना और करप्शन फ्री इंडिया संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण भारतीय ने कहा कि करीब 12 साल पहले जब एक्सप्रेस को बनाया गया था।

तब कहा गया था कि जिन किसानों की जमीन एक्सप्रेसवे में जा रही है। उनका टोल फ्री किया जाएगा। लेकिन अभी तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। किसानों को टोल देकर वहां से निकलना पड़ रहा है। जिसको लेकर किसान पिछले कई सालों से धरना प्रदर्शन भी करते आ रहे हैं। आरोप है कि सिर्फ उनको वादे दिए जाते हैं। उनको पूरा नहीं किया जाता है। इसके विरोध में सोमवार को किसानों ने जेवर टोल पर पहुंचकर प्रदर्शन किया और संबंधित विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। सोमवार को टोल प्लाजा पर हुए प्रदर्शन के दौरान किसानों ने बताया कि उनकी टोल फ्री समेत करीब 8 मांगे हैं। जब तक उनको पूरा नहीं किया जाएगा, तब तक किसान धरना प्रदर्शन भी करते रहेंगे। इस मौके पर त्रिलोक नागर, अरविंद सेक्रेटरी, हरेंद्र कसाना, राकेश सिंह, रवि नागर, दिनेश नागर और संकेत कसाना समेत सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

# ब्रिटेन में चल रहीं 85 शरिया अदालतें

## धर्मनिरपेक्ष संगठनों ने जताई चिंता, कहा- देश में एक कानून होना चाहिए

**लंदन ।** ब्रिटेन में इस वक्त 85 शरिया अदालतें चल रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ब्रिटेन, पश्चिम की इस्लामिक राजधानी बनकर उभर रहा है। इन शरिया अदालतों का ब्रिटेन में रहने वाले मुस्लिम समुदाय पर खासा प्रभाव है। ये शरिया अदालतें शादी, तलाक और पारिवारिक मामलों पर अपने फैसले देती हैं। नेशनल सेक्युलर सोसाइटी ने न्याय व्यवस्था के समानांतर एक और धार्मिक न्याय व्यवस्था के खड़ा होने पर चिंता जताई है।




**1982 में ब्रिटेन में हुई थी शरिया अदालतों की शुरूआत :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ब्रिटेन में पहली बार साल 1982 में शरिया अदालत की शुरूआत हुई थी और आज इनकी संख्या बढ़कर 85 हो गई है। गौरतलब है कि ब्रिटेन में निकाह मुताह या 'आनंद के लिए शादी' का चलन भी तेजी से बढ़ रहा है। निकाह मुताह के अंतर्गत तीन दिन से लेकर एक साल तक के लिए अस्थायी शादी चलती है। इसे घोर महिला विरोधी प्रथा माना जाता है।

नेशनल सेक्युलर सोसाइटी नामक एक संगठन ने ब्रिटेन में सामान्य न्याय व्यवस्था के साथ ही एक गैर औपचारिक न्याय व्यवस्था के काम करने पर चिंता जाहिर की और कहा है कि इसका भविष्य में गंभीर असर पड़ेगा। सोसाइटी के मुख्य कार्यकारी स्टीफन इवांस ने चेतावनी देते हुए कहा है कि शरिया अदालतें सभी के लिए एक कानून के सिद्धांत को कमजोर करती हैं और महिलाओं, बच्चों के अधिकारों पर विपरीत असर डालती हैं। उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन में हाल के वर्षों में तेजी से मुस्लिम जनसंख्या बढ़ी है।

### ब्रिटेन में एक लाख शादियां गैर पंजीकृत

शरिया अदालतों में इस्लामिक स्कॉलर्स का पैनल होता है, जिनमें अधिकतर पुरुष होते हैं। ये एक अनौपचारिक निकाय है, जो धार्मिक मामलों और निकाह, तलाक और खुला के मामलों में अपने फैसले देते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ब्रिटेन में एक लाख शादियां नागरिक अधिकारियों के पास पंजीकृत नहीं हैं। माना जाता है कि ये शादिया शरिया अदालतों में हुई हैं।

# ठंड के कारण ध्रुवीय भालू की प्रजाति पड़ी संकट में

**नई दिल्ली ।** जलवायु परिवर्तन के चलते आर्कटिक सर्कल देशों में ध्रुवीय भालुओं की आबादी में सदी के अंत तक भारी गिरावट आ सकती है। नेचर क्लाइमेट चेंज की रिपोर्ट के अनुसार



जलवायु परिवर्तन ध्रुवीय भालुओं के लिए सबसे बड़ा खतरा है। इस बदलाव का असर सबसे पहले और सबसे बुरा आर्कटिक में महसूस किया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार ध्रुवीय भालुओं के लिए सबसे बड़ा खतरा समुद्री बर्फ का कम होना है। समुद्री बर्फ कम होने से ध्रुवीय भालुओं के लिए सील का शिकार करना, संभोग करना और यात्रा करना मुश्किल हो रहा है।

# आतंक के खिलाफ मिलकर लड़ेंगे भारत और कुवैत

**नई दिल्ली ।** भारत और कुवैत ने रविवार को आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ने व आपस में सहयोग को बढ़ाने पर सहमत हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खाड़ी देश की यात्रा के दौरान दोनों पक्षों के बीच आतंकवाद की चुनौती से निपटने के तरीकों पर चर्चा हुई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुवैत के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान में दोनों पक्षों ने सीमा पार आतंकवाद की स्पष्ट रूप से निंदा की और आतंकवाद के वित्तपोषण नेटवर्क और पनाह देने वाले आतंकी ढांचे को खत्म करने का आह्वान किया। बयान में आतंकवादी गतिविधियों को पाकिस्तान के समर्थन का भी जिक्र किया गया। बयान में आगे कहा गया कि कैसे आतंकी साइबर स्पेस का उपयोग करके कट्टरपंथ और सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। महत्वाकांक्षी निवेश संधि को जल्द अंतिम रूप देने पर सहमति पीएम मोदी की कुवैत के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठकों के दौरान महत्वाकांक्षी निवेश संधि को जल्द ही अंतिम रूप देने पर सहमति बनी। दोनों पक्षों ने ऊर्जा क्षेत्र में मौजूदा क्रेता-विक्रेता संबंध को अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में व्यापक जुड़ाव में बदलने पर भी चर्चा की।



### खाड़ी देशों से आठ गुना बढ़ा निवेश

इस बीच, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर 2013 से सितंबर 2024 के बीच खाड़ी सहयोग परिषद देशों से भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़कर 24.54 अरब डॉलर से अधिक हो गया है जो अप्रैल 2000 से सितंबर 2013 के बीच इन देशों से आए 3.046 अरब डॉलर के एफडीआई की तुलना में आठ गुना अधिक है।

### निवेश के लिए किया आमंत्रित

पीएम मोदी ने कुवैती निवेश प्राधिकरण और अन्य हितधारकों के साथ प्रतिनिधिमंडल को ऊर्जा, रक्षा, चिकित्सा उपकरण, फार्मा और खाद्य पार्कों के क्षेत्रों में नए अवसरों को देखने के लिए भारत आने के लिए आमंत्रित किया। पीएम ने इससे संबंध मजबूत होने की उम्मीद जताई।

कुवैत में योग को बढ़ावा दे रही शेखा अल सबा से मिले प्रधानमंत्री मोदी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुवैत में योग को बढ़ावा देने में जुटी शेखा अल सबा समेत कई जाने-माने इंफ्लूएंसर्स से मिले। योग को लेकर बेहद उत्साहित शेखा अल सबा कुवैत में पहले लाइसेंस प्राप्त योग केंद्र दारातमा की संस्थापक हैं। शेखा ध्यान और योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देकर भारत-कुवैत के लोगों के बीच संपर्क और गहरा करने में जुटी है।

विदेश मंत्रालय की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक योग और फिटनेस के प्रति शेखा अल सबा का जुनून किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने अपना योग और वेलनेस स्टूडियो स्थापित किया है, जो कुवैत में काफी लोकप्रिय है। प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात के दौरान उन्होंने योग को युवाओं के बीच और अधिक लोकप्रिय बनाने पर चर्चा की।

# अफ्रीका में एम 23 विद्रोहियों का कहर, परिवार के सामने महिलाओं को बना रहे शिकार, बच्चों को भी नहीं बख्श रहे

**रुबाया ।** अफ्रीका के कांगो में एम23 विद्रोहियों का कहर जारी है। सामूहिक हत्याएं, दुष्कर्म और जबरन विस्थापन जैसी बड़ी घटनाओं को लगातार अंजाम दे रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अप्रैल में विद्रोहियों ने रुबाया के एक बाजार में छह बच्चों की लकड़ी के मूसल और कोल्हू से उनके सिर कुचल कर हत्या कर दी थी।



### 32 साल की महिला से दुष्कर्म

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 32 साल की एक महिला ने भागने से पहले खुद बच्चों की क्रूरतापूर्वक हत्या होते हुए देखी। उन्होंने बताया कि उन्हें और उनके साथियों को भी पकड़ लिया था। बाद में उनका और उनकी एक दोस्त का दुष्कर्म किया। जबकि एक की हत्या कर दी। 23 मार्च मूवमेंट के रूप में प्रसिद्ध ट23 एम23 विद्रोही को 23 मार्च मूवमेंट के रूप में भी जाना जाता है। यह कांगो के पूर्वी क्षेत्रों में एक सक्रिय विद्रोही समूह है। समूह कई मानवाधिकारों के हनन, युद्ध अपराधों और अत्याचारों के लिए जिम्मेदार रहा है। विद्रोही महिलाओं को जबरदस्ती वैश्यावृत्ति के काम में धकेलते हैं। इतना ही नहीं, लोगों पर दिन में हमला करना आम हो गया है। वहीं, गवाहों की हत्या कर देते हैं। बेटी के सामने महिला के साथ बर्बरता एक 25 साल की महिला ने बताया कि उसकी बेटी के सामने उसके साथ बंदूक की नोंक पर दुष्कर्म किया गया। बाद में उनके पति की भी हत्या कर दी गई थी। जबकि 27 साल की एक अन्य पीड़िता के साथ फसल की रखवाली के दौरान आठ लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था।

महिलाओं पर बेरहमी से हमला किया जाता है। वहीं, बचे हुए लोगों के साथ उनके बच्चों के सामने बंदूक की नोक पर दुष्कर्म किया जाता। मानवीय संगठनों ने चेतावनी दी है कि इस क्षेत्र में यौन हिंसा अभूतपूर्व स्तर तक पहुंच गई है। क्या है एम23 ? एम23 सबसे पहले 10 साल पहले सामने आया था, जब उसके लड़ाकों ने कांगो के पूर्व में सबसे बड़े शहर गोमा पर कब्जा कर लिया था। समूह का नाम 23 मार्च, 2009 को हुए एक शांति समझौते की वजह से एम23 रखा गया। समझौते में विद्रोहियों को कांगो की सेना में शामिल करने की वकालत की गई थी। एम23 का आरोप है कि सरकार समझौते का पालन नहीं कर रही। उस पर लंबे समय से रवांडा के समर्थन के साथ काम करने का आरोप है।

# ट्रंप ने ट्रांसजेंडर्स को लेकर साफ किया रुख

## कहा- कार्यकाल संभालते ही सबसे पहले सेना और स्कूलों से हटाऊंगा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ट्रांसजेंडरों को लेकर अपना रुख साफ किया है। उन्होंने कहा कि वह अपने कार्यकाल के पहले ही दिन ट्रांसजेंडरों का पागलपन रोकने का काम करेंगे। एक कार्यक्रम में ट्रंप ने कहा कि मैं सबसे पहला आदेश बाल यौन विकृति को समाप्त करने, अमेरिकी सेना, प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक और हाईस्कूलों से सभी ट्रांसजेंडर्स को हटाने का जारी करूंगा।



इसके अलावा उन्होंने कहा कि महिलाओं के खेलों से पुरुषों को भी दूर किया जाएगा। यूएसए सरकार की नीति के तहत यहां केवल दो ही लिंग होंगे। इसके अलावा ट्रंप ने प्रवासी अपराधों के खिलाफ भी कार्रवाई करने का वादा दोहराया। साथ ही ड्रग्स तस्करी करने वाले गिरोहों को आतंकी संगठन घोषित करने और पनामा नहर पर अमेरिकी नियंत्रण की बात भी कही। डोनाल्ड ट्रंप लंबे समय से ट्रांसजेंडर समुदाय के सेना में शामिल किए जाने का विरोध करते रहे हैं। अपने पहले कार्यकाल के दौरान ट्रंप ने कहा था कि वह इस बारे में बच्चों के सामने नस्लीय सिद्धांत या किसी तरह के लैंगिक-राजनीतिक सामग्री को आगे बढ़ाने वाले स्कूलों की आर्थिक मदद रोक देंगे।

# बर्ड फ्लू के कारण दुनियाभर में अब तक 30 करोड़ पक्षियों की गई जान : डब्ल्यूएचओ

**नई दिल्ली ।** बर्ड फ्लू की वजह से दुनियाभर में अब तक 30 करोड़ पक्षियों की मौत हो चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने आगाह किया है कि यह वायरस अब अन्य प्रजातियों में भी फैल रहा है। इसमें तेजी से बदलाव भी आ रहे हैं। शीर्ष स्वास्थ्य एजेंसी का कहना है कि हालत चिंताजनक हैं।



### कैलिफोर्निया में आपात स्थिति

यूनाइटेड स्टेट सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन का कहना है कि आठ राज्यों में 60 से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं, जिनमें से अधिकांश को हल्की बीमारियां हैं। लुइसियाना में एक व्यक्ति को देश में वायरस के कारण पहली बार गंभीर बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने कहा कि उन्होंने राज्य के कर्मचारियों और आपूर्ति को प्रकोप से निपटने के लिए बेहतर स्थिति में रखने के लिए आपातकाल घोषित किया है। इस वर्ष 76 लोग संक्रमित, इनमें अधिकतर फार्मकर्मी विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि इस वर्ष एच5एन1 के कारण 76 लोग संक्रमित हो चुके हैं जिनमें से अधिकांश खेतों या फार्म में काम करने वाले कर्मचारी हैं। इनमें 60 से अधिक मामले अमेरिका में सामने आए हैं जहां वन्यजीवन और मुर्गीपालन में भी एच5एन1 का प्रकोप है। इसके अलावा चीन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, कम्बोडिया और वियतनाम में भी संक्रमण के मामलों की पुष्टि हुई है। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के अनुसार जो क्षेत्र प्रोटीन के लिए मुर्गीपालन स्रोत पर बहुत हद तक निर्भर हैं ।

### अमेरिका में बर्ड फ्लू तेजी से फैलने के कारण कैलिफोर्निया राज्य सरकार ने आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है

# ब्राजील के दो राज्यों को जोड़ने वाला पुल ढहा

## एक की मौत, सल्फ्यूरिक एसिड ले जा रहा ट्रक नदीं में डूबा

**नई दिल्ली ।** ब्राजील के उत्तर और पूर्वोत्तर क्षेत्र के दो राज्यों को जोड़ने वाला एक पुल रविवार को ढह गया। यह घटना तब घटी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सल्फ्यूरिक एसिड टोकैंटिंस नदी में फैल गया। पुल की लंबाई 533 मीटर है और यह मरनहाओ राज्य राज्य के एस्ट्रीटो टोकैंटिंस के अगुइआनोपोलिस शहर को जोड़ता है। अधिकारियों ने बताया कि हादसे के दौरान एसिड ले जा रहा एक टैंकर ट्रक नदी में गिर गया। अग्निशमन विभाग के अनुसार, एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि दूसरे एक व्यक्ति को बचा लिया गया है। अगुइआनोपोलिस के पार्षद एलियास जूनियर वीडियो रिकॉर्ड कर रहे थे।



उन्होंने अधिकारियों से पुल की समस्या को ठीक करने के लिए कहा। पार्षद ने बताया कि पुल के पास भारी ट्रकों को संभालने की क्षमता नहीं है। उन्होंने पुल पर एक दरार की तरफ इशारा किया।

यह हादसा उनकी आंखों के सामने हुआ, जिसके कारण उन्हें पीछे की तरफ भागना पड़ा। उन्होंने इस घटना पर तुरंत कोई प्रतिक्रतिक्रिया नहीं दी।

ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि इस हादसे में 11 लोग शामिल थे। टोकेंटिंस के अग्निशमन विभाग ने बताया कि शाम तक बचाव कर्मियों को जब इस बात का पता चला कि नदी में डूबे एक टैंकर से सल्फ्यूरिक एसिड का रिसाव हो रहा है। तो उन्होंने बचाव अभियान रोक दिया।

# गाजा पर इस्राइल का घातक हमला

## पांच बच्चों समेत 20 फलस्तीनियों की मौत

**नई दिल्ली ।** गाजा पट्टी पर शनिवार रात से लेकर रविवार सुबह तक हुए इस्राइली हमलों में कम से कम 20 फलस्तीनी मारे गए। इनमें पांच बच्चे शामिल हैं। एक स्कूल पर हुए इस्राइली हमले में तीन बच्चों समेत आठ लोग मारे गए। उधर, इस्राइली सेना ने दावा किया है कि उसने हमास के ठिकानों पर सटीक हमले किए हैं। जानकारी के अनुसार स्कूल में हमास के लड़ाके छुपे हुए थे। अल अस्का शहीद अस्पताल के अनुसार, दीर अल-बलाह के मध्य शहर पर हुए हमले में कम से कम आठ फलस्तीनी मारे गए। इनमें तीन महिलाएं व दो बच्चे शामिल हैं। खान यूनिस में रविवार को हुए हमले में फलस्तीनी दंपती की मौत हो गई।



### यमन से तेल अवीव पर दागा रॉकेट

16 घायल यमन ने इस्राइली शहर तेल अवीव पर एक रॉकेट दागा, जिसमें16 लोग घायल हो गए। हूती विद्रोही हमास के साथ एकजुटता दिखाने के लिए इस्राइल पर हमले कर रहे हैं। हूती विद्रोहियों ने एक बयान में कहा कि उन्होंने हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल के जरिये सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया।

### आतंकियों का बच्चों को ढाल बनाना है क्रूरता

इस्राइली विदेश मंत्रालय ने पोप फ्रांसिस की तरफ से गाजा पर हो रहे इस्राइली हमलों को क्रूरता बताए जाने पर प्रतिक्रिया दी है।

# ईरानी सुप्रीम नेता खामनेई की धमकी

**तेहरान ।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने रविवार को कहा कि उनके देश की कोई छद्म सेना नहीं है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उन्हें कार्रवाई करनी होगी तो वे खुद कर लेंगे। खामेनेई का




यह बयान ऐसे समय आया है, जब कथित ईरान समर्थित हमास और हिजबुल्ला को इस्राइल के खिलाफ लड़ाई में भारी नुकसान उठाना पड़ा है। साथ ही सीरिया की बशर अल असद सरकार को भी ईरान समर्थक माना जाता था, लेकिन अब वहां भी तख्तापलट हो चुका है। ईरान के सर्वोच्च नेता ने दी चेतावनी यमन के हूती विद्रोहियों को भी ईरान का समर्थन मिलने का दावा किया जाता है।

# सीरिया के पूर्व तानाशाह पर टूटा दुखों का पहाड़ पहले सत्ता से हाथ धोया अब पत्नी ने मांगा तलाक

**मॉस्को ।** सीरियाई के अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद के बुरे दिन खत्म होने का नाम नहीं ले रहे हैं। पहले अपने देश को छोड़कर रूस भागना पड़ा और अब पत्नी अस्मा अल-असद ने बड़ा झटका दिया है। दरअसल, अस्मा ने तलाक की अर्जी दाखिल की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, विद्रोहियों द्वारा अपने पति को सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद अस्मा भी उनके साथ रूस चली गई थीं। पर अब वह वहां की जिंदगी से खुश नहीं हैं। कथित तौर पर वह अपने गृहनगर लंदन में शिफ्ट होना चाहती हैं।

यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, अस्मा के पास ब्रिटिश और सीरिया की नागरिकता है। उनका जन्म और पालन-पोषण लंदन में सीरियाई माता-पिता ने किया। अस्मा साल 2000 में सीरिया चली गईं। उसी साल 25 साल की उम्र में उन्होंने असद से शादी कर ली। 49 वर्षीय पूर्व प्रथम महिला ने रूसी न्यायालय में तलाक का आवेदन दायर किया है और मॉस्को छोड़ने के लिए विशेष अनुमति मांगी है बशर अल-असद 24 साल तक राष्ट्रपति रहे, उन्होंने 2000 में पदभार संभाला और अपने पिता हाफिज अल-असद की जगह ली, जिन्होंने 1971 से 2000 तक शासन किया। मगर इस महीने की शुरूआत में, सीरिया में तख्तापलट के बाद असद ने रूस से शरण मांगी और पुतिन ने अनुरोध को स्वीकार कर लिया था। हालांकि, माना जाता है कि बशर अल-असद को गंभीर प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है और उन्हें मॉस्को छोड़ने या किसी भी राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने की अनुमति नहीं है।



### मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रूसी अधिकारियों ने उनके पैसे और संपत्ति को भी जब्त कर लिया है, जिसमें 270 किलोग्राम सोना, दो अरब डॉलर और मॉस्को में 18 अपार्टमेंट शामिल हैं

### असद के पैसे और संपत्ति को किया जब्त

सऊदी और तुर्की की रिपोर्टों के अनुसार, बशर अल-असद के भाई माहेर अल-असद को रूस में शरण नहीं दी गई है और वह व उनका परिवार घर में नजरबंद हैं। माहेर के शरण अनुरोध की अभी भी समीक्षा की जा रही है। असद के परिवार ने करीब पांच दशक तक सीरिया में शासन किया था।

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने की जनसुनवाई कहा हर शिकायत का हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

**शिकायत निस्तारण के पश्चात शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेना सुनिश्चित करें : इन्द्र विक्रम सिंह**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कलेक्ट्रेट स्थित अपर जिलाधिकारी प्रशासन कार्यालय में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा प्रत्येक कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से अन्तिम व्यक्ति की शिकायत सुनने तक जनसुनवाई की जाती है। जनसुनवाई के दौरान आई शिकायतों एवं आवेदनों का समयान्तराल में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होता है, जिसके चलते जिलाधिकारी को अपनी शिकायतों और प्रार्थना पत्रों को प्रेषित करने हेतु भीड़ लगी रहती है। जिलाधिकारी द्वारा उक्त व्यक्तियों के शिकायती पत्रों को बड़ी गम्भीरता से पढ़ा जाता है और उन्हें सुना जाता है।

अधिकांश मामलों को जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही पूर्ण गुणवत्ता से निस्तारित कर दिया जाता है और शेष शिकायतों को वाट्सअप आदि के माध्यम से संबंधित अधिकारी को निराकरण के लिए भेज दिया जाता है।

शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता एवं समयान्तराल में निस्तारण के लिए भी निर्देशित कर दिया जाता है। जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं एवं प्रार्थियों के द्वारा स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत विभाग, बैंक, पेंशन, घरेलू झगड़े से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होने के पश्चात शिकायर्ताओं से फीडबैक लेना सुनिश्चित करें।

इस मौके पर रणविजय सिंह अपर जिलाधिकारी प्रशासन, विवेक मिश्र एडीएम एल/ए, अपर जिलाधिकारी नगर गम्भीर सिंह सहित कई अफसर उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद में बंदरों का आतंक प्रशासन बना मूकदर्शक : विनीत शर्मा

**मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश, जिलाधिकारी गाज़ियाबाद, वन विभाग और गाजियाबाद नगर निगम के आयुक्त को लिखा पत्र**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में बंदरों की संख्या तेजी से बढ़ी है, प्रत्येक जगह शहर, हर इलाके और गली में बंदरों का झुंड देखा जा रहा है। बंदरों के काटने और हमले के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। पिछले हफ्ते में 50 से ज्यादा और 1.5 साल में 500 से अधिक मामले दर्ज हुए हैं, कुछ घटनाओं में इंसानों की मृत्यु भी हो चुकी है। बंदर पेड़-पौधों की शाखाएं तोड़कर उनका विकास रोक रहे हैं यहां तक कि नई लगाई गई पौध भी बंदर बर्बाद कर रहे हैं, जिससे हरियाली कम हो रही है और प्रदूषण बढ़ रहा है। बंदर घरों में घुसकर चीजें की तोड़फोड़ करते हैं। भूख के कारण और भोजन की कमी की वजह से बंदर लोगों पर हमला कर रहे हैं। नगर निगम और अन्य विभागों ने बार-बार शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। प्रशासन से अनुरोध है कि बंदरों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए नसबंदी की जाए। बंदरों को जंगलों में बसाने के लिए योजना बनाई जानी चाहिए। जंगल व अन्य क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाना चाहिए, साथ में इन स्थानों पर बड़ी संख्या में फलदार पेड़ों का रोपण किया जाना अति आवश्यक है। पत्र पर प्रमुख सामाजिक और राजनीतिक हस्तियों विनीत शर्मा अध्यक्ष सोशल अवेयरनेस सोसायटी व भाजपा नेता, राजेंद्र त्यागी पूर्व भाजपा पार्षद, हिमांशु मित्तल पूर्व भाजपा पार्षद और प्रवक्ता सिंघल एक्टिविस्ट के हस्ताक्षर हैं। कहा गया है यदि जल्द ही प्रशासन समाधान के लिए कदम नहीं उठाता है तो सभी मिलकर एक जनहित याचिका के माध्यम से उच्चतम न्यायालय प्रयागराज में अपील करेंगे।



# मकनपुर वार्ड 57 का विकास करना ही एकमात्र लक्ष्य : राधेश्याम त्यागी




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम नगर निगम के वार्ड 57 के पार्षद राधेश्याम त्यागी ने सोमवार को चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि लोगों ने अपने सहयोग व समर्थन से पार्षद बनाया है जिससे वह लगातार वार्ड 57 के लोगों की समस्याओं का समाधान करने तथा विकास कार्य करवाने के लिए काम कर रहे हैं। उनका तो वार्ड में विकास के नए आयाम स्थापित करने और वार्ड वासियों को नई-नई सहूलियत उपलब्ध करवाना ही एकमात्र लक्ष्य है।

पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताया कि मकनपुर व न्यायखंड 2 में विकास कार्य करवाने तथा की समस्याओं का समाधान करने के लिए महापौर व नगरायुक्त से वार्ड के लिए ओर भी विकास के काम होने के लिए पत्र दिया है। लोगों के सहयोग एवं उनकी डिमांड के हिसाब से वार्ड में विकास कार्य करवाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वह केवल यही चाहते हैं कि उनके वार्ड के लोगों को किसी तरह की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े।

उन्होंने कहा कि वार्ड में विकास कार्य लगातार हो रहे हैं, लेकिन विकास कार्यो की झड़ी लगाने का प्रयास भी किया जा रहा है, ताकि उनके वार्ड को विकास के मामले में एक नई व अलग पहचान मिल सके। उधर पार्षद द्वारा लगातार वार्ड के लिए किए जा रहे



बेहतरीन कार्यों को लेकर वार्ड के अधिकतर लोग भी उनके कार्यो की सराहना करते हुए पार्षद की प्रशंसा कर रहे हैं। लोगों का मानना है कि पार्षद राधेश्याम त्यागी वार्ड की दिशा व दशा बदलने और लोगों को एक सुन्दर व समस्या मुक्त वार्ड देने के लिए कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सोमवार को वार्ड में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया मकनपुर गांव में 8 गलियों का निर्माण कार्य चल रहा है। साथ ही नालियों भी बन रही है, उनका ही निरीक्षण किया है। लोगों को किसी भी तरह की परेशानी वह खामियां अनियमितता नही पाई जाए, उसका नगर निगम से बिल पास नहीं कराया जाएगा।

# महाराजा सूरजमल महाराज के 201वें बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत के महान योद्धा, हिंदू राम्राट, कुशल शासक और जनकल्याणकारी महाराजा सूरजमल महाराज के बलिदान दिवस के अवसर पर एक भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाराजा सूरजमल के बलिदान, पराक्रम, और लोकसेवा को स्मरण करने और नई पीढ़ियों को प्रेरणा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम विवरण : सुबह 9:00 बजे, हवन का आयोजन, महाराजा सूरजमल की जीवनी पर आधारित भजनों का गायन समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा संबोधन, प्रसाद वितरण।

प्रताप सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन को भव्य बनाने के लिए जाट समाज के नेता, अभिनेता और समाजसेवी बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम




में भाग लेंगे। इस अवसर पर चौधरी रजत ने बताया कि कार्यक्रम के अवसर पर विभिन्न प्रतिजशिष्ट अतिथियों, इतिहासकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और महाराजा सरजमलू के अनुयायिओं का सहभाग होगा।

प्रेस को संबोधित करते समय आयोजन समिति के चौधरी मनीष, चौधरी प्रताप, डॉ जयदेव, सुरेन्द्र सिंह तोमर, चौधरी रजि पन्नू जी, चौधरी राहुल ढाका, चौधरी प्रवीन राठी, चौधरी राजकुमार, डॉक्टर पुनिया, चौधरी अनीरुद्र पवार, चौधरी आजाद थिल्लर, चौधरी अनिल तोमर, चौधरी जयवीर सिंह, चौधरी प्रमोद धनकड़, चौधरी रविंदर तोमर, चौधरी संजीव तेवतिया, अरुण ढाका, अधिवक्ता विकास तेवतिया, चौधरी प्रशन जीत, चौधरी सागर तेवतिया, चौधरी मोहित मालिक आदि उपस्थित थे।

# सपा कार्यालय पर मनाई गई स्व. चौ. चरण सिंह की 122वीं जयंती

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सोमवार को देश के किसानों के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले किसान आंदोलन के प्रणेता भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती किसान दिवस के रूप में समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मनाई गई। फैसल हुसैन एडवोकेट जिला अध्यक्ष एवं वीरेंद्र यादव एडवोकेट महानगर अध्यक्ष व समाजवादी साथियों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन व महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने कहा कि चौधरी साहब मानते थे कि देश की खुशहाली का रास्ता खेत और खलिहानो से होकर गुजरता है। किसानों के हित में उन्होंने 1954 में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया।

कार्यक्रम में फैसल हुसैन एडवोकेट, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, एडवोकेट महानगर अध्यक्ष राजन कश्यप, महानगर महासचिव वरिष्ठ सपा नेता रमेश यादव, एडवोकेट गुलाब यादव, महानगर उपाध्यक्ष प्रवेश चौधरी, जिला उपाध्यक्ष राज देवी चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा किरण कालिया, महानगर अध्यक्ष महिला सभा हुसैन, प्रदेश



सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ कमलेश यादव, प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ नरेश बत्रा, वरिष्ठ सभा नेता आशा सचदेव, जिला सचिव ब्रह्मपाल सिंह, कृष्ण कुमार यादव, जिला सचिव नवीन कुमार शर्मा, महानगर सचिव फिरोज चौधरी, रिजवान चौधरी, साजिब सैफी, महानगर सचिव कृष्ण ढाकोलिया, प्रदेश सचिव बाबा साहब कहानी खालिद बुखारी, जिला सचिव कमरुद्दीन खान, सदन गुर्जर, अमित सिंह, प्रदीप पाठक, युसूफ खान, उमेश कश्यप, राहुल, रावत कार्यालय प्रभारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई स्व. चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय लोकदल के कार्यालय मेरठ रोड तिराहे पर सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री किसानों के मसीहा भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। जिला व महानगर संगठन के द्वारा हवन करके श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि देने के उपरांत ब्लड डोनेशन कैंप की शुरुआत हुई। किसान भाइयों ने और राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ ब्लड डोनेट किया।

सबसे आखिर में भंडारे का विशेष आयोजन किया गया जिसमें सभी आसपास के लोगों ने और कार्यकर्ताओं के साथ नेताओं ने एक साथ बैठकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस पूरे आयोजन में विशेष तौर से जिला अध्यक्ष अमित त्यागी, महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी के अलावा पार्टी के जिम्मेदार लोग उपस्थित रहे। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चौधरी तेजपाल सिंह, राष्ट्रीय



कार्यकारिणी सदस्य मनवीर सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (माइनॉरिटी) सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू, प्रवक्ता अजय वीर सिंह, प्रदेश महासचिव रविन्द्र चौहान, प्रदेश सचिव ओ डी त्यागी, योगिंदर, उम्मेद भाम्ब्रिक, विजयपाल शर्मा, अमित आर के, सुनील, नीरज, नवीपुर, रामभरोसे लाल मौर्या, सतेंद्र तोमर, ललित सैन, जीवन छाबड़ा, तरुण कुमार, शेर सिंह मौर्या, अरुण दहिया, योगेश फफराना, जयदीप सिंह, रवि वाल्मीकि, प्रदीप त्यागी, अजीत खंजरपुर आदि लोग उपस्थित रहे।

# वसुंधरा में धूमधाम के साथ मनाई गई पूर्व पीएम स्व. चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती









**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा जाट सभा द्वारा सोमवार को किसान चौक पर हवन कर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य अतिथि सांसद राजकुमार सांगवान ने कहा है कि चौधरी चरण सिंह किसानों के असली मसीहा थे। उनके द्वारा किसान हितों के लिए अनेक कदम उठाए गए। उन्होंने हमेशा किसानों, गरीबों व पिछड़ों की आवाज को बुलंद करने का काम किया है। यह बात उन्होंने सोमवार को वसुंधरा सेक्टर 9 किसान वाटिका में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती समारोह में कही। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने किसानों के हित में अनेक कदम उठाए हैं। जिन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। कार्यक्रम में चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

राजकुमार सांगवान ने कहा कि चौधरी चरण सिंह के बताए मार्ग पर चलकर ही किसानों की समस्याओं का समाधान संभव है। इस मौके पर संस्था द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया जिसमें दांत व नेत्र की जांच की गई। इस अवसर पर हापुड़ विधायक रूप चौधरी, अध्यक्ष बीपी सिंह, महासचिव हरेंद्र चौधरी, कोषाध्यक्ष प्रदीप तालियां, पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी, पार्षद हिमांशु चौधरी, पार्षद विनय चौधरी, राजीव शर्मा, बलराम सिंह, प्रमोद चौधरी, राजेश चौधरी, विनीत चौधरी, रॉबिन चौधरी, लेखराज सिंह, मनोज राठी, सतपाल



चौधरी, रविंद्र चौधरी, नरेंद्र नागर आदि लोग मौजूद रहे।

# नोएडा में बदमाश का एनकाउंटर, घरों में चोरी की वारदात को देता था अंजाम

**नोएडा (करंट क्राइम)।** सेंट्रल नोएडा के इकोटेक 3 थाना क्षेत्र में पुलिस और एक शातिर चोर के बीच में मुठभेड़ हो गई। इस पुलिस मुठभेड़ के दौरान बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पकड़ा गया बदमाश घरों में चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस के अनुसार रविवार रात को थाना इकोटेक-3 पुलिस पुश्ता रोड के पास चेकिंग कर रही थी। तभी एक व्यक्ति बाइक से आता हुआ दिखाई दिया। जब पुलिस ने उसे रूकने का इशारा किया तो उसने बाइक की स्पीड बढ़ा दी और नया गांव इलाहाबास की और भागने लगा।

पुलिस ने भी पीछा किया। अपने को घिरता देख उसने अपनी बाइक रास्ते में गिरा दी और कच्चे रास्ते से भागने लगे। तभी उसने पुलिस पर फायरिंग भी कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक नाना के लिए सबसे बड़ी खुशी ये है कि जो संस्कार उन्होंने अपनी बेटी को दिए उन संस्कारों को उनके नाती ने आत्मसात किया है। रवींद्र त्यागी के नाती रघुनील ने सनातन धर्म संस्कृति का श्लोक याद किया। नाना रवींद्र त्यागी ने इस खुशी को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।